

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2025-26 पर अपने विचार रखते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 32 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 12 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री

## मिडिल क्लास को राहतः वित्त मंत्री ने 12 लाख रुपये तक की सालाना इनकम को पूरी तरह से कर मुक्त करने का ऐलान किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा दिया। वित्त मंत्री ने 12 लाख रुपये तक की सालाना इनकम को पूरी तरह से कर मुक्त करने का ऐलान किया। करदाताओं को टैक्स में यह छूट नई आयकर व्यवस्था में दी गई है। वित्त मंत्री सीतारमण ने केंद्रीय बजट में मध्यम वर्ग को बड़ा तोहफा देते हुए कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अब 12 लाख रुपये तक की इनकम पर करदाताओं को कोई टैक्स नहीं देना होगा। सीतारमण ने नई कर व्यवस्था में कर छूट के साथ आयकर स्लैब में बदलावों की भी घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि पहले भरोसा करो, बाद में जांच करो के दर्शन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए केंद्रीय बजट ने मध्यम वर्ग में विश्वास जगाया है और आम करदाता को कर के बोझ में राहत देने की प्रवृत्ति को जारी रखा है। सीतारमण ने सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए कर स्लैब और दरों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखा। सीतारमण ने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को पूरी तरह से कर मुक्त किए जाने की घोषणा की है। इससे करदाताओं

**बजट का तोहफा**

**▶▶ करदाताओं को टैक्स में यह छूट नई आयकर व्यवस्था में दी गई है, मिडिल क्लास में खुशी की लहर**

को 80 हजार रुपये की बचत होगी। वहीं, 18 लाख रुपये सालाना आय पर 70 हजार रुपये की बचत होगी, जबकि 12 लाख रुपये तक की इनकम पर अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसमें जब स्टैंडर्ड डिडक्शन को जोड़ देंगे तो वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 12.75 लाख रुपये की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। सीतारमण ने करदाताओं को खुशखबरी देते हुए कहा, नई व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये (यानी पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर इनकम को छोड़कर प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आमदनी) तक कोई टैक्स देय नहीं होगा। वहीं, वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 75 हजार रुपये की मानक







कटौती के कारण 12.75 लाख रुपये होगी। उन्होंने कहा कि स्लैब दर में कमी के कारण लाभ के अलावा कर छूट इस तरह से प्रदान की जा रही है कि उन्हें कोई कर देय नहीं है। वित्त मंत्री ने कराधान सुधारों को विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए प्रमुख सुधारों में से एक बताते हुए कहा कि नया आयकर विधेयक ह्यन्यायह्ल की भावना को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था करदाताओं और कर प्रशासन के लिए समझने में आसान होगी, जिससे कर निश्चितता होगी और मुकदमेबाजी कम होगी। इनकम टैक्स छूट के ऐलान के बाद 12 लाख रुपये तक नहीं लगेगा कोई टैक्स संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 में 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब आयकर नहीं देना होगा। इसको जब स्टैंडर्ड डिडक्शन जोड़ देंगे तो वेतनभोगी लोगों के लिए 12.75 लाख रुपये की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वित्त मंत्री ने नए टैक्स स्लैब की घोषणा करते हुए कहा कि इससे मध्यम वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।



## 'गिग वर्कर्स कर सकेंगे ई-श्रम मंच पर पंजीकरण

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार ने बजट में गरीब तबके के लोगों के लिए बड़ा एलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार एक करोड़ 'गिग वर्कर्स' को मदद देने के लिए ई-श्रम मंच पर पंजीकरण की व्यवस्था शुरू करेगी। इसके लिए श्रमिकों के पहचान पत्र की व्यवस्था भी की जाएगी। ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए डिलिवरी सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारी गिग कर्मियों की श्रेणी में आते हैं।

**पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्थाः** केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि शहरी श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए एक योजना लागू की जाएगी।

## बजट में 'उड़ान योजना' का दायरा बढ़ाया

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कई बड़े एलान किए हैं। बजट में उड़ान योजना का दायरा बढ़ाने की घोषणा करते हुए पहाड़ी और पूर्वोत्तर इलाकों तक हवाई अड्डे बनाने की बात कही गई है। मगर नागरिक विमानन मंत्रालय के बजट में कटौती कर दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नागरिक विमानन मंत्रालय का बजट 2,658.68 करोड़ रुपये से अब 2,400.31 करोड़ रुपये कर दिया है। वहीं उड़ान के लिए पिछले बजट के मुकाबले 800 करोड़ रुपये से 540 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि उड़ान योजना से 120 नए गंतव्यों को जोड़ा जाएगा।



## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82251143 | इंसुलिन लिस्प्रो कार्ट्रिज इंज 100IU प्रति एमएल 3 एमएल में (रैपिड एक्टिंग इंसुलिन) | 8364 Nos. | 28.02.2025 |
| 2. | 82251030 | टीडीएम–1 (एड्रो–ट्रैस्टुजुमैब एमटान्सिन) इंजे 100 मिलीग्राम | 264 Nos. | 28.02.2025 |
| 3. | 82258366 | इंज. एटेजोलिजुमैब 1200 मि.ग्रा. | 80 Nos. | 03.03.2025 |
| 4. | 82251144 | इंसुलिन लिस्प्रो और इंसुलिन लिस्प्रो प्रोटामाइन इंज 25/75 कार्ट्रिज 100IU प्रति एमएल 3 एमएल (इंटरमीडिएट एक्टिंग इंसुलिन) | 10370 Nos. | 03.03.2025 |
| 5. | 82258838 | प्रति पीएफएस डिलीवरी पेन डिवाइस के साथ 3 एमएल कार्ट्रिज में टेरिपैराटाइड इंजे 250 एमसीजी प्रति एमएल | 2680 Nos. | 04.03.2025 |
| 6. | 82251000 | एलेक्टिनिब 150 मि.ग्रा. | 3360 Nos. | 05.03.2025 |
| 7. | 83251300A | एबेमेसिक्लिब 150 मि.ग्रा. | 4560 Nos. | 06.03.2025 |
| 8. | 82251026 | पर्टुजुमैब इंजे 420 मि.ग्रा. | 125 Nos. | 07.03.2025 |
| 9. | 82254190 | बेवाकिजुमैब इंजे 300 मिलीग्राम | 600 Nos. | 07.03.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 31.01.2025 358/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता जाखल के अनुभाग में ट्रैक के दैनिक रखरखाव के लिए दो वर्षों के लिए वाहनों को किराए पर लेने के कार्य हेतु। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,39,99,938.90 | धरोहर राशि | ₹2,20,000/- |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 31.01.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 21.02.2025 को 15:30 बजे | | |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gem.in पर उपलब्ध है। | | |

पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/जैम/2025/बी/5893332 दिनांक: 31.01.2025 359/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुभाष राठी S/o पितराम पताः वीपीओ बिंधरोली सोनीपत हरियाणा और 147/15 सेक्टर–22, रोहिणी दिल्ली–110086 ने सीटी केस संख्या 17049/2019 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना: कंझावला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुभाष राठी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुभाष राठी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीटी केस संख्या 17049/2019 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त सुभाष राठी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(उत्तरी वेस्ट) कोर्ट नं.113, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/1299/RD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **काशिफ पुत्र नफेश पताः वाई–2005, मंगोलपुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 1117/2021 धारा 12 जुआ एक्ट के तहत** थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **काशिफ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **काशिफ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 1117/2021 धारा 12 जुआ एक्ट के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त काशिफ** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
नकमरा नं. 105, नार्थ वेस्ट
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1283/OD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जया कालरा, निवासी** बी–136, प्रथम तल, शिवजी विहार, टैगोर गार्डन, पश्चिमी दिल्ली–27, ने **CC No. 2221/21, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन आनन्द विहार, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जया कालरा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जया कालरा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 2221/21, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन आनन्द विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जया कालरा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वंशिका मेहता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एनआई एक्ट,
डिजिटल कोर्ट–2, न्यू कोर्ट बिल्डिंग,
कमरा नं0–जी 07, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1277/WD/2025
(Court Matter)


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# रसोई गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी आग



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के थाना साहिबाबाद क्षेत्र के भोपुरा तिराहे पर आज तड़के भारत गैस के रसोई गैस सिलेंडर से भरे एक ट्रक में भीषण आग लग गई। इस दौरान सिलेंडरों के फटने से धमाके होने लगे। यह विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि पूरा इलाका दहल गया। इस दौरान आग ने आसपास के दो मकानों और तीन-चार वाहनों को चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने आग पर नियंत्रण पा लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य शमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि तड़के चार बजकर 35 मिनट पर साहिबाबाद फायर स्टेशन को सूचना मिली कि भोपुरा तिराहे पर रसोई गैस सिलेंडर से भरे एक ट्रक में अचानक आग लग गई है। सिलेंडर फट रहे हैं। आग काफी ज्यादा फैल गई है। इस पर तत्काल दो गाड़ियां भेजी गईं । इसके बाद आसपास के स्टेशनों से आठ गाड़ियां और मंगाई गई और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आसपास के दो मकान और तीन-चार वाहनों में भी आग लग गई । दमकल कर्मचारियों ने मकानों और वाहनों की आग को बुझा दिया गया है । फिलहाल कूलिंग की जा रही।

## भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अलग-अलग समाजों की तरफ से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के समर्थन में सामाजिक संगठन भी आगे आ रहे हैं। इसकी कड़ी में भारतीय ब्राह्मण समाज की तरफ से यमुनापार की चार सीटों पर घोषित ब्राह्मण समाज के भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की गई है।

भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा ने इस बाबत अलग-अलग विधानसभाओं के लिए उनके प्रत्याशियों के नाम से पत्र जारी किए हैं। उनकी तरफ से समाज के सभी बंधु-बांधव और मातृशक्ति आदि का समर्थन विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से उतारे ब्राह्मण समाज के चार प्रत्याशियों को देने का ऐलान किया है। ब्राह्मण समाज ने इन सभी चारों प्रत्याशियों को विजय बनाने का भी आह्वान किया है।

भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने बाबरपुर से अनिल वशिष्ठ, विश्वास नगर से ओमप्रकाश शर्मा, करावल नगर से कपिल मिश्रा और सीलमपुर से अनिल गौड को इस बार प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि आगामी पांच फरवरी को मतदान होगा।

## जज के घर चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से सोने के जेवरात, पासपोर्ट, विदेशी मुद्रा समेत चोरी का अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों ने ही सेक्टर गामा दो स्थित एक जज के घर को भी निशाना बनाया था।
आरोपियों की पहचान विंशु निवासी जमिया फतेहपुर, राशिद निवासी सैमरी संभल, सचिन व अशोक कुमार निवासी ग्राम बैर हमीरपुर को गिरफ्तार किया है।

## साईबर क्राइम का एकदम नया जाल, इसमें फंसे लाईब्रेरियन की आपबीती सुन हर कोई सहमा

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम पुलिस ने ऐसे गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो डेटिंग एप ग्राइन्डर पर युवकों से दोस्ती कर उनकी अश्लील वीडियो बनाकर रुपये ऐंठते हैं। इस गिरोह ने लोहियानगर निवासी युवक को सैक्सुअल एक्टिविटी का झांसा देकर किराये के मकान में बुलाया और अश्लील वीडियो बनाई। वायरल करने की धमकी देकर 60 हजार रुपये हड़प लिए। इस गिरोह के मुखिया के पास शाहदरा और यूपी बार काउंसलिंग की सदस्यता के कार्ड भी बरामद हुए हैं।

## भारतीय रेल

**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**

**शुद्धिपत्र–1**

**विषय: अट्ठारह नग सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की आपूर्ति के लिए दिनांक 25.03.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2402**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 03.02.2025 को स्थगित कर 25.03.2025 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी ।

कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड

347/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा संख्याः** AGCTRDT202503 **दिनांकः** 30.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नामः** आगरा मंडल के मथुरा धौलपुर व ईदगाह बयाना सेक्शन में ब्रेजिंग जोड़ वाले सम्पर्क तार को बिना जोड़ वाले सम्पर्क तार से प्रतिस्थापन का कार्य (प्रथम चरण)

**अनुमानित लागतः** ₹ 14457144/- **धरोहर राशिः** ₹ 222300/-

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह

(1) निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकता है।
(2) निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर **दिनांक 21.02.2025 को 11.00 बजे** तक भरा जा सकता है। 207/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES

**FORMAT C-1**

Name and Address of Candidate:**SH. DEVENDER YADAV, House NO-360, SAMAYPUR,DELHI 110042.**

Name of Political Party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS**

Name of Election: **CONTESTING FOR THE POST OF MLA FROM AC-05, BADLI CONTITUENCYNCT DELHI**

Name of Constituency: **BADLI**

I, **SH. DEVENDER YADAV**, A CANDIDATE OF ABOVE MENTIONED ELECTION, DECLARE FOR PUBLIC INFORMATION THE FOLLOWING DETAILS ABOUT MY CRIMINAL ANTECEDENTS:

(A) PENDING CRIMINAL CASES

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | NAMEOF COURT | **JUDICIAL MEGISTRATE FIRST CLASS** | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** |
| (B) | CASE NO. AND DATED | **CASE NO.940/2023** | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** |
| (C) | STATUS OF CASE(S) | **MISC./APPEARANCE** | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** |
| (D) | SECTION(S) OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OF OFFENCE(S) | **120B, 323, 452, 506, 34 OF IPC SECTION 3, 3(5), 4 OF THE SCHEDULED CASTES AND THE SCHEDULED TRIBES (PREVENTION OF ATROCITIES) ACT, 1989 AND FIR NO. 0482/2014 HAS BEEN LODGED AFTER FILLING COMPLIANT CASE BY THE COMPLAINANT BEFORE THE CONCERNED METROPOLITAN MAGISTRATE. THE COMPLAINT HAS BEEN FILLED IN RESPECT OF PROPERTY DISPUTE. CHARGE SHEET HAS NOT BEEN FILLED TILL DATE AND CHARGES ARE NOT BEEN FARMED AGAINST THE CANDIDATE IN THE PRESENT FIR.** | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** |

SH. DEVENDER YADAV

INDIAN NATIONAL CONGRESS PARTY, AC-05, BADLI CONSTITUENCY

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या GSU_DLI_SNT_10 Dated:-31.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर. संचार अभि./गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No. | GSU_DLI_SNT_10 dated 31.01.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | दिल्ली रेलवे के उत्तरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन के सराय रोहिल्ला, सब्जी मंडी, मोहरी और शाहबाद मार्कंडा स्टेशन पर OFC और 6 क्वाड केबल की खुदाई और बिछाने और दूरसंचार उपकरणों की आंशिक आपूर्ति के साथ परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 3 | अनमानित लागत | रु. 68,65,962.97/– |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 1,37,300.00/– |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 24.02.2025 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 24.02.2025 को 11:30 बजे |
| 7 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 357/25

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण– I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए एक पैकेट सिस्टम के अधीन खुली ई टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | वर्तमान इंस्टिट्यूट ऑफ परमानेंट वे इंजीनियर्स (इंडिया) भवन (G+2) स्टोरी, (शंकर मार्केट के समीप), कनाट प्लेस, नई दिल्ली के ऊपर 2–स्टोरी नए सी.सी.आर.एस. आफिस का निर्माण कार्य। |
| 2 | कार्यावधि | 12 (बारह) महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 495.00 लाख (रुपये चार करोड़ पंचानबे लाख मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रुपये 3,97,500/- (रुपये तीन लाख सत्तानवे हजार पांच सौ मात्र) |
| 5 | ई. टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 24.02.2025 को 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई. टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएँ दिनांक 24.02.2025 को 11:30 बजे खाली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 31.01.2025 से 24.02.2025 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

सं. 220-Acs-1-1272-CCRS-Offic दिनांक 31.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 345/25

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी वारिश चौधरी पुत्रः** साबिर चौधरी, **पताः** मकान नंबर– 156, गली नंबर–2, मंगल बाजार लोनी, गाजियाबाद, **उत्तर प्रदेश FIR No. 22070/2017, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वारिश चौधरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वारिश चौधरी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **वारिश चौधरी, FIR No. 22070/2017, U/S: 379/411 IPC, पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
शाहदरा कोर्ट नं. 19,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1256/NE/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास पुत्र श्री शरवन निवास मकान नं. बी-43, प्राइमरी स्कूल के पास, जे.जे. कॉलोनी, वजीरपुर, अशोक विहार, नई दिल्ली-110052 ने केस रजि. संख्या 9218/2020, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि केस रजि. संख्या 9218/2020, धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नं. 112, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./1048/उत्तर पश्चिम/2025

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सिर्फ काम ही रही है मेरी पहचान, सबका किया सदैव सम्मानः मुकेश गोयल

- आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों के दम पर बनाउंगा "आदर्श": मुकेश गोयल
- जनता से किया हर वादा करूंगा पूरा, ये है मेरी गारंटीः मुकेश






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने चुनाव को चौथे गियर में डाल दिया है। मुकेश गोयल दिन-रात जनता के बीच देखे जा रहे हैं। वोटिंग में कुछ दिन शेष रह गए हैं इसको देखते हुए मुकेश आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की हर गली मोहल्ले के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। इसी कड़ी में मुकेश गोयल ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कर लोगों से वोट की अपील की। इस अवसर पर मुकेश गोयल ने कहा कि जो भी वादे आपसे करूंगा, उनको चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अमलीजामा जरूर पहनाऊंगा।

**मुकेश गोयल का हुआ भव्य अभिनंदनः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने पार्टी की नीतियों को विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। मुकेश गोयल का निवासियों ने जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर मुकेश गोयल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे हर ओर सुनाई दे रहे थे। पूरा इलाका आम आदमी पार्टी के रंग में रंगा नजर आ रहा था।

**लोगों ने मुकेश गोयल के समक्ष रखी क्षेत्र की समस्याएंः** इस मौके पर मुकेश गोयल के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों के निवासियों ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिसका निवारण जरूरी है। मुकेश गोयल ने भी सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी की लिया आड़े हाथोंः** सभा के दौरान मुकेश गोयल ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को एक-एक करके आड़े हाथों लिया। साथ ही मुकेश ने कहा कि आपका भाई मुकेश गोयल हमेशा सबकी मदद के लिए तैयार रहता है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा करती है। बिजली-पानी-महिलाओं को बस फ्री का वादा पूरा किया। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली निर्बाध रूप से आती है, ये सिर्फ केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में हुआ है। आप सभी भारी संख्या में अपने मतों का प्रयोग कर आम आदमी पार्टी को विजयी बनाएं।




- बूंद बूंद को तरस रहे नरेला विधानसभा के लोग
- राजकरण खत्री के साथ चल रहा जनसैलाब, राजकरण ने नरेला के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

# रोज पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं नरेलावासीः राजकरण खत्री









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटिंग में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। प्रत्याशी दिन-रात चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में नरेला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री ने गांव रमजानपुर, मोहम्मदपुर, बकौली, तिग्गीपुर सुगरपुर, पुनर्वास पॉकेट बी4 ,जनता फ्लैट, पंजाबी कॉलोनी, पुलिस कॉलोनी बी2 कुरैनी, श्री श्याम अपार्टमेंट में किया में प्रचार किया और क्षेत्र की जनता से वोट की अपील की। इस मौक पर भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने राज करण खत्री का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

**राजकरण खत्री ने 'आप' पर हमला बोलाः** राजकरण खत्री ने आम आदमी पार्टी की जनता के बीच पोल खोलते हुए करारा हमला करते हुए कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई भ्रष्टाचारी एवं नाकारी आम आदमी पार्टी नहीं चाहती की दिल्ली की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। राजकरण खत्री ने आगे कहा कि जहां पूरे देश में हर घर नल से जल अभियान के तहत देश के विभिन्न राज्यों में पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है वहीं दिल्ली में लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आज भी यहां की 40 प्रतिशत आबादी पानी खरीद कर पीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की घटिया सोच के चलते ही लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 11 साल तक सत्ता में रहने के बाद यमुना की सफाई नहीं कर सकी वो अब फिर से सफाई के लिए पांच साल मांग रही है। केजरीवाल और उनके पार्टी के लोगों को जवाब देना चाहिए कि आखिर जिस यमुना को उत्तराखंड से स्वच्छ एवं निर्मल भेजा जाता है वो दिल्ली में इतनी दूषित कैसे हो जाती है कि उसका पानी सिंचाई के लायक नहीं बचता।

**केजरीवाल सरकार ने हर विभाग में किया घोटलाः राजकरण खत्रीः** राजकरण खत्री ने कहा कि केजरीवाल ने क्लीनिक, दवा खरीद, स्ट्रीट लाइट, बस खरीद और स्कूल, शराब हर सेक्टर में घोटाला किया। आप के केजरीवाल और मनीष सिसोदिया अब भी बेल पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को पूरी तरह से सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार है।

**आखिर किस मुंह से आप प्रत्याशी जनता से वोट मांग रहे हैः** राजकरण खत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी बताएं आखिर किन उपलब्धियों पर जनता से वोट की अपील कर रहे। पिछले 12 वर्षों में नरेला की जनता को वर्तमान विधायक ने क्या सुख-सुविधाएं दी हैं। सिर्फ ढकोसला और भ्रम की राजनीति की। विकास कार्यों को दबा दिया गया और नरेला विधासभा क्षेत्र की जनता को विकास कार्यों से दूर रखा गया।






## न्यूज फ्लैश

### केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताया वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं विधायक अशोक अरोड़ा ने



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताया है। इस बजट में केवल मात्र एक प्रतिशत आयकर दाताओं को कुछ रियायत देने के अलावा देश के 99 प्रतिशत जनता के लिए कुछ भी नहीं है। दिल्ली चुनाव के मध्यनजर केंद्रीय बजट में अमीर लोगों को कुछ राहत दी गई है जबकि आम जनता का कोई ख्याल नहीं रखा गया है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए अशोक अरोड़ा ने कहा कि केंद्रीय बजट में जीएसटी में कोई राहत नहीं दी गई जबकि सरकार के अनुसार जीएसटी बड़ी मात्रा में इकट्ठा हुआ है। देश का हर नागरिक जीएसटी देता है पेट्रोल और डीजल पर वेट लगा हुआ है। बजट में ना तो जीएसटी की दरों में कटौती की गई और ना ही वैट में कोई कमी की गई है। युवाओं और किसानों के लिए भी इस बजट में कुछ नहीं है। किसानों के प्रयोग में आने वाले खाद, पेस्टीसाइड और कृषि यंत्रों पर लगे टैक्स में भी कोई कमी नहीं की गई है। केंद्रीय बजट ने आम जनता को निराश किया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली भी उपस्थित थे।

### जिला परिषद में हुए सफाई घोटाले में 2 ठेकेदार गिरफ्तार, 88.19 लाख खाते में ट्रांसफर किए थे

**कैथल।** कैथल जिला परिषद में 7 करोड़ रुपये के सफाई घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी) ने शुक्रवार को दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में नरवाना के गांव बडनपुर से पकड़े गए आरोपित ठेकेदार कमलजीत और दी-कैथल सरस्वती को-ऑपरेटिव सोसाइटी के मालिक शेखर शामिल हैं। इनके खाते में घोटाले के 88.19 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। दोनों आरोपितों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसीबी की जांच में अबतक एसडीओ, जेई, लेखाकार समेत 10 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने करीब ढाई करोड़ रुपये की संपत्ति और 16 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। ब्यूरो ने आठ आरोपितों के खिलाफ 50 हजार पन्नों का चालान कोर्ट में पेश किया है। बाकी फरार आरोपितों को पीओ घोषित करने की कार्रवाई चल रही है। एसीबी द्वारा घोटाले के 8 आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में चालान दिया गया है।

### शॉर्ट सर्किट से साइकिल स्टोर पर लगी आग

**फतेहाबाद।** जिले के शहर रतिया में टोहाना रोड टैक्सी स्टैंड के सामने स्थित साइकिल स्टोर में शुक्रवार देर रात्रि को शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का साइकिल का सामान जलकर खाक हो गया। देर रात को ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। हालांकि दुकान में लगी आग इतनी भयंकर थी कि जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान में अधिकतर सामान जल चुका था मिली जानकारी के तहत रतिया के टोहाना रोड पर टैक्सी स्टैंड के सामने हैप्पी मित्तल नामक युवक साइकिल स्टोर के नाम से साइकिलों की दुकान का काम करता है।

# टांगरी बांध को रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ पक्का करने की शुरूआत की: विज

## टांगरी नदी बांध (तटबंध) को ऊंचा व पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया

**विकास**

▶▶ अब इसी सड़क को अम्बाला-सहारनपुर रेलवे लाइन के नीचे से निकालकर आगे जीटी रोड पर जोड़ा जा रहा



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी नदी बांध को रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ पक्का करने की शुरूआत की गई है, हम क्षेत्र के लोगों को आश्वासन देते हैं कि टांगरी के पानी से सभी का बचाव किया जाएगा। विज रामपुर-सरसेहड़ी से जगाधरी रोड तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से टांगरी नदी बांध (तटबंध) को ऊंचा व पक्का करने के कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि पहले नदी के पानी के कारण रामपुर-सरसेहड़ी व अन्य क्षेत्रों की ओर काफी नुकसान हुआ था। इसके बाद उन्होंने कच्चा बांध बनवाकर दिया था, मगर अब इसी कच्चे बांध को डेढ़ फुट और उठाते हुए, स्टोन पिचिंग व मिट्टी डालकर इसे पक्का किया जा रहा है। जगाधरी रोड से चंदपुरा तक पक्का बांध बनाया जाएगा। मगर चंदपुरा के पास कुछ लोग बांध बनाने के लिए अपनी जमीन देने के लिए मना कर रहे हैं, मगर उन लोगों को मनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस इलाके में बांध की ओर से पानी न आए ऐसे पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि इलाकों को पानी से बचाना हमारी प्राथमिकता है। कुछ लोग चाहते हैं कि हम अपने मकसद में कामयाब न हो सके और वह अड़गे अड़ाते हैं। वो लोगों को डुबाना चाहते हैं, मगर ऐसे लोगों को हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

**जगाधरी रोड से रेलवे लाइन तक बांध होगा ताकि टांगरी का एक बूंद पानी शहर में न आए : मंत्री अनिल विज**

मंत्री अनिल विज ने कहा कि भविष्य में टांगरी नदी तल को और गहरा करने की योजना बनाई है ताकि पानी करधान, नग्गल, प्रभु प्रेम पुरम व अन्य कालोनियों में न जा सके। जैसे-जैसे मंजूरी मिल रही है योजनाओं पर काम किया जा रहा है। जगाधरी रोड से लेकर रेलवे लाइन तक भी बांध होगा ताकि टांगरी नदी का एक बूंद पानी शहर की तरफ न आए। टांगरी नदी को गहरा भी कराया जाएगा। माइनिंग बंध होने से नदी में काफी रेत है। माइनिंग विभाग से इजाजत मिलते ही नदी को 15-20 गहरा कराया जाएगा।

**टांगरी नदी पर बब्याल की ओर सड़क बनाकर पानी से सुरक्षा की, अब सड़क भी चौड़ी होगी : अनिल विज**

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि टांगरी नदी बरसाती नदी है जोकि शहर के बीच से बहती है, जब बरसात आती है तो यह नदी तबाही लाती है। टांगरी नदी के बब्याल वाले छोर पर उन्होंने बांध को मंजूर करवाकर उसपर रामगढ़ माजरा से महेशनगर पंप हाउस तक सड़क बना दी। अब इस सड़क को चौड़ा भी किया जा रहा है। अब इसी सड़क को अम्बाला-सहारनपुर रेलवे लाइन के नीचे से निकालकर आगे जीटी रोड पर जोड़ा जा रहा है। यह रोड बाढ़ में भी चलती रहेगी ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

# प्रदेश की सबसे अव्वल होगी लाडवा विधानसभा:सुमन सैनी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि हरियाणा में सुविधाओं के लिहाज से लाडवा विधानसभा सबसे अव्वल विधानसभा के रूप में अपनी पहचान बनाएगी। इस विधानसभा के नागरिकों को तमाम मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जा रही है। इस हल्का के विकास, लोगों की समस्याओं, मांगों,स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलों की उच्च स्तरीय सुविधाएं देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे काम कर रहे है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी शनिवार को लाडवा बस स्टैंड पर हरियाणा रोडवेज विभाग कुरुक्षेत्र की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्ष सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, नपा अध्यक्ष साक्षी खुराना व एसडीएम पंकज सेतिया ने कुरुक्षेत्र लाडवा से प्रयागराज तक बस सेवा को हरी झंडी देकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने यात्रियों से बातचीत की और प्रयागराज महाकुंभ की यात्रा के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह बस प्रयागराज तीर्थ के लिए लाडवा से 1:15 पर तथा कुरुक्षेत्र से 2 बजे चलेगी।

इसके साथ ही उपाध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र लाडवा से प्रयागराज तक रोडवेज विभाग की तरफ से बस सेवा शुरू की गई है।

# बजट देश में खोलेगा आत्मनिर्भर भारत के द्वारः पूर्व चैयरमैन अनिल झरोटी



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: भाजपा** नेता एवं पूर्व चैयरमैन अनिल झरोटी ने कहा की आज वित मंत्री श्रीमती निर्मला सितारमन बजट पेश किया। आज के इस बजट मे देश में विकास के नये द्वार खोलेने का रास्ता साफ दिखाई देता है। देश अब तेज विकसित होने वाला बन गया है। जहाँ कुछ देश वही पुरानी पर पाटी पर चल रहे है वही देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतत्व में आये दिन नये आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा नेता एवं पूर्व चैयरमैन अनिल झरोटी ने कहाँ कि कोई भी देश मुख्यत चार सतमभो के आधार पर विकसित होते है इनमें मुख्य रूप से नारीशक्ति युवा शकित किसान ओर गरीब को मुख्य धारा में लाकर ही देश विकास की कल्पना की जा सकती है। पूर्व चैयरमैन अनिल झरोटी ने कहा कि माननीय वित मंत्री जी ने किसनो के लिए क्रेडिट कार्ड योजना को उलाख से बढ़ा कर 5लाख कर देने के साथ पशु पालन व चिकित्सा की सुविधाएं भी बढाने का काम किया है। वही युवाओं के लिए नौकरियों के साथ जो नौकरियों से वचित रह जाते है।

# सरस्वती का प्राकृतिक बहाव इसरो सैटेलाइट के अनुसारः धुम्मन सिंह

**व्याख्यान**

▶▶ अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में बुद्धिजीवियों, वैज्ञानिकों ने सरस्वती नदी पर दिए विशिष्ट व्याख्यान



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ऑन सरस्वती रिवर और हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में द सरस्वती रिवर-सनातन सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल- विकसित भारत-2047 के लिए दृष्टि क्षितिज विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए तीसरे दिन के पहले सत्र में हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरस्वती के पुनः उद्धार के लिए हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सरस्वती का प्राकृतिक बहाव इसरो सेटेलाइट के अनुसार ही है। वर्ष 2022 में हरियाणा में बाढ़ आने पर ज्यादा पानी आने पर सरस्वती नदी का बहाव चैक करने पर पता चला कि इसरो द्वारा दिए गए पैरियोचैनल ट्रेक के अनुसार ही सरस्वती नदी पानी का बहाव रहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजस्थान सरकार से लूणी नदी को तीन सौ किलोमीटर तक खोदने का आह्वान किया ताकि सरस्वती नदी के सिरसा ओटी हैड को उसके साथ जोड़ा जा सके जिससे अतिरिक्त पानी उसमें छोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि राजस्थान में लूणी नदी को सरस्वती की ही सहायक नदी के रूप माना जाता है।

द्रोपदी डी ट्रस्ट की चेयरपर्सन, फाउंडर नीरा मिश्रा ने तकनीकी सत्र में द्यधर्म और स्वाभिमान के प्रतीक इंद्रप्रस्थ को पुनः प्राप्त करना विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि धर्म एवं स्वाभिमान शब्द कुरुक्षेत्र से जुड़ा हुआ क्योंकि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में ही स्वाभिमान का धर्म युद्ध हुआ था। अपने इतिहास को जानना है तो इतिहास का क्रमवार गहन अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंद्रप्रस्थ का वर्णन महाभारत एवं माहात्म्य में मिलता है। नारद पुराण में इंद्रप्रस्थ को खांडवप्रस्थ भी कहा जाता था जो यमुना के किनारे स्थित था। प्रोफेसर मनमोहन शर्मा पूर्व इतिहास विभागाध्यक्ष बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक ने अपने शोध पत्र द कल्चर हेरिटेज ऑफ सरस्वती रिवर इन हरियाणा के माध्यम से कहा कि हरियाणा में सरस्वती नदी की विरासत अहम भूमिका में है।

# डीएवी सीनियर स्कूल में श्रद्धा से मनाई माँ शारदा जयंती

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** डीएवी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी एवं माँ शारदा जयंती के शुभ अवसर पर एक भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की और विद्यार्थियों को ज्ञान, विद्या एवं संस्कृति के महत्व को समझाने का संदेश दिया।




इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने कविताओं, गीतों और नृत्य के माध्यम से बसंत पंचमी पर्व की गरिमा को उत्साहपूर्वक अभिव्यक्त किया। विशेष रूप से प्रस्तुत किए गए नृत्य प्रदर्शन ने सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों ने वसंत ऋतु के उल्लास और माँ सरस्वती की महिमा को सजीव कर दिया। कार्यक्रम की विशेषता रही श्रीमती माधुरी शर्मा एवं श्रीमती प्रवीण शर्मा द्वारा प्रस्तुत भक्ति रस से ओतप्रोत भजन और प्रार्थनाएं, जिन्होंने पूरे विद्यालय परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उनकी मधुर और भक्तिमय प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिरस में डुबो दिया, जिससे समस्त छात्र-शिक्षक समुदाय माँ सरस्वती के चरणों में नतमस्तक हो गया। इस अवसर पर माँ सरस्वती का विशेष मंत्रोच्चारण कर उनका आह्वान किया गया। विद्यालय की टैगोर हाउस की हाउस इंचार्ज श्रीमती मंजू सचदेवा और नृत्य शिक्षिका आरती के योगदान की सराहना की गई।

**आराधना**

▶▶ प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की

# जन सहयोग संस्था ने अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पिहोवा में लगाया रक्तदान शिविर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शहर की सुप्रसिद्ध जन सहयोग संस्था द्वारा पिहोवा में सरस्वती महोत्सव के पर्व पर आज फिर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सरस्वती विकास बोर्ड के अध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बैज लगाकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। 46 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व 37 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। धुम्मन सिंह किरमच ने बताया कि संस्था कुरुक्षेत्र जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। सभी संस्थाओं और समाजसेवियों को इस



संस्था का साथ देना चाहिए। संस्था के रक्त मंत्री मिथुन समान ने बताया कि यह शिविर 29 जनवरी से 4 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम के 3 बजे तक रोज चलेगा। संस्था पूरे हरियाणा में रक्त की जरूरत पूरी करने के लिए दिन-रात लगी हुई है इसी उद्देश्य से रक्त शिविर लगाए जाते हैं ताकि आम आदमी रक्तदान के प्रति जागरूक हो। इस मुहिम में श्री बाला जी वानर सेवा समिति पिहोवा व केमिस्ट एसोसिएशन पिहोवा भी अपना भरपूर सहयोग दे रही है।

# टास्क से मुनाफा कमाने का लालच देकर युवती से पांच लाख ठगे

**कैथल।** साइबर ठगों ने एक युवती को टास्क पूरा कर मुनाफा कमाने का लालच देकर पांच लाख 12 हजार रुपए ठग लिए। युवती को पहले इंस्टाग्राम ग्रुप में जोड़ा और फिर रुपए ट्रांसफर करवा लिए। साइबर थाना पुलिस ने शनिवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अमरगढ़ गामड़ी कैथल निवासी ओशिन ने साइबर थाना में शिकायत दी कि कुछ दिन पहले उसके पास व्हाट्सएप पर एक नंबर से मैसेज आया। इसमें कहा गया कि अगर आप पैसे कमाना चाहते हो तो हम आपको टास्क देंगे।

# पुलिस लाईन में हुआ अनुसंधानकर्ताओं का एक दिवसीय सेमिनार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा शनिवार को पुलिस लाईन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जिला पुलिस के सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, सभी चौकी इंचार्ज व जिला के ज्यादातर अनुसंधानकर्ता हाजिर रहे। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने पुलिस के अनुसंधानकर्ताओं को दिए बेहतर काम करने के टिप्स। उप पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और अनुसंधानकर्ताओं को ने नए कानून के मुताबिक अनुसन्धान करने तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के आदेशानुसार शनिवार को पुलिस लाईन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने जिला के अनुसंधानकर्ताओं को नए कानून के मुताबिक अनुसन्धान करने तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बारे में विस्तार से समझाया। उप पुलिस अधीक्षक ने सीन ऑफ क्राइम की एसओपी के अनुसार कार्य करने के प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक ने ई-साक्ष्य एप का प्रयोग करने, मौका से मिले साक्ष्यों को सही तरीके से पैक करने तथा नए कानून के अनुसार विडियो बनाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें नए कानून के अनुसर सर्च एंड सीजर के फामूलें को अपनाकर उसपर अमल करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि हत्या, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों में सीन ऑफ क्राइम टीम, एफएसएल टीम की मदद अवश्य लें तथा डीएनए टेस्ट करवाएं।

**टिप्स दिए**

▶▶ उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय ने पुलिस के अनुसंधानकर्ताओं को दिए बेहतर काम करने के टिप्स दिए

# शपथ ग्रहण के पश्चात सड़कों पर गूंजे नशे के विरुद्ध नारे

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद :** हरियाणा राज्य स्वपाक नियंत्रण ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए कठोरतम कदम उठाए जा रहे हैं। एक और नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों तक पहुँचाया जा रहा है तो दूसरी और नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गाँव गाँव जा रहे हैं। आज पीएमश्री राजकीय




वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 812 विद्यार्थियों एवं 50 शिक्षकों ने भाग लिया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के 115 स्वयंसेवकों के साथ अलग से जागरूकता कार्यक्रम और नशे के विरुद्ध पैदल जागरूकता यात्रा निकाल लोगों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करते हुए कहा कि नशे का शौंक मनुष्य के जीवन में चुपके से आता है और थोड़ा आनंद तो मिलता है लेकिन यह क्षणिक आनंद जीवन में शोक के रूप में परिवर्तित होकर उसका सब कुछ छीन लेता है। 2 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में गहनता से नशे के दुष्प्रभावों बारे चर्चा करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो सबसे पहले माँ बच्चे को देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 अथवा 1933 अथवा मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देने के लिए कहा। शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के पश्चात पैदल यात्रा निकाली जिसमें नशे के विरुद्ध नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। शिक्षक मुकेश शर्मा, जयप्रकाश, रणबीर, संजीव कुमार, सुजाता, राजेश सैनी, कविता चहल, सुमन, रघुबीर सिंह और अक्षय कुमार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किए। मंच का संचालन शिक्षक मुकेश शर्मा ने किया। मंच संचालक एवं शिक्षक मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग विशेष रूप से हरियाणा राज्य स्वपाक नियंत्रण ब्यूरो हरियाणा राज्य को नशा मुक्त करने में बहुत अधिक गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

**जागरूकता**

▶▶ अपराधियों को सलाखों तक पहुँचाया जा रहा है तो दूसरी और नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं

# सेफ सिटी टीम द्वारा सहारा पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्र/छात्राओं को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लड़कियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमें द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाये जा रहे हैं। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। कार्यक्रम के तहत दिनांक 1 फरवरी को सेफ सिटी की टीम ने



सहारा पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्र/छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की हैड कांस्टेबल नीलम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लॉंच की गई है।

उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी।

# दिल्ली की जनता ने पकड़ा केजरीवाल का झूठ, आप-दा का जाना तयः डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा के** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 11 साल की सरकार के झूठ को दिल्ली की जनता ने पकड़ लिया है, इसलिए आज वो दिल्ली में यमुना नदी से लेकर जगह-जगह कूड़े के ढेर पर अपनी नाकामी को छिपाने के लिए भ्रम-डर की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने तय कर दिया है कि अब दिल्ली में आप-दा जा रही है। शनिवार शाम को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मटियाला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी



एडवोकेट सन्दीप सहरावत के पक्ष में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की बौखलाहट हर दिन बढ़ रही है, क्योंकि इस बार राजनीतिक दलों ने नहीं, बल्कि जनता ने उनके झूठ को पकड़ लिया है। यमुना नदी की सफाई के नाम पर बार-बार वोट लेने वाले अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। दिल्ली में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर और तमाम समस्याएं अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार को नजर नहीं आई। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता की भलाई के लिए काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल विकास की बात नहीं करते। आज लोगों ने डबल इंजन की सरकार बनाने का मन बना लिया है। ऐसे में कार्यकताओं को जन-जन के बीच जाकर दिल्ली में चारों तरफ कमल खिलाने के लिए काम करना है। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री विनय रोहिल्ला, लोकसभा सांसद कमलजीत सहरावत, निगम पार्षद सविता शर्मा व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सभी वर्गों के लिए हितकारी केंद्रीय बजट किया गया पेशः जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री ने सभी वर्गों के लिए हितकारी बजट पेश किया है। इस बजट से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश को और तरक्की मिलेगी। इस बजट से हरियाणा को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, किसान सभी वर्गों के लिए घोषणाएं की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी



गई है। धन धान्य कृषि योजना के तहत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों पर ध्यान दिया जाएगा। इस बजट से हरियाणा को भारी लाभ होगा, क्योंकि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब एवं मध्यम वर्ग सहित सभी वर्गों के हित में है। बजट से मेडिकल एजुकेशन का विस्तार होगा। मेडिकल पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले साल में 10 हजार मेडिकल सीटें बढ़ाने की घोषणा की है, जिसका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 75 हजार सीटें बढ़ाना है। सरकार के इस कदम से डॉक्टरों और विशेषज्ञों की वृद्धि होने की उम्मीद है। खासकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में लोगों को डॉक्टरों की उपलब्धता आसान होगी। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों की आमदनी को बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने वाला है। स्टार्ट अप व उद्यमियों के लिए नई-नई योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ-साथ सभी अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्रों की स्थापना की सुविधा स्थापित करेगी।

# सीआईए नारनौल की टीम ने देसी पिस्टल के साथ दो आरोपित पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जो को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने थाना शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपितों सतेन्द्र वासी गुगनवाली ढाणी बुहाना, झुन्झुनु राजस्थान व जिप्सी वासी नावां थाना सतनाली को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपितों से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की पुलिस टीम गश्त के दौरान महेन्द्रगढ़ दादरी रोड पर गांव जाटवास टी प्वाईंट पर मौजूद थी, टीम को गुप्त मिली कि एक कार में दो लड़के अवैध असला लिए हुए बुहाना राजस्थान की तरफ से महेन्द्रगढ़ की तरफ आएंगे। टीम ने रेडिंग पार्टी तैयार कर गांव जाटवास से आगे बुहाना की तरफ नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई।

# भूजल बचाने में मातृशक्ति की भूमिका निर्णायक : राजीव कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आजाद सिंह** लठवाल अधिक्षक अभियन्ता-कम-नोडल अधिकारी, अटल भूजल योजना करनाल के मार्गदर्शन में व कार्यकारी अभियंता रणवीर सिंह के कुशल दिशा निर्देशानुसार शुक्रवार को गांव पूण्डरक के ग्राम सचिवालय में अटल भूजल योजना दूसरे मॉड्यूल के अन्तर्गत एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य प्रवक्ता के रूप में शिरकत कर रहे अटल भूजल योजना के सूचना-शिक्षा एवं संचार विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ग्रामीणों को संबोधित करते



हुए कहा कि अगर हम चाहते हैं कि अगर हम चाहते है कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को जल मिल सके तो हमे आज से ही इसके लिए सजग होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भूजल को बचाने के लिए पानी की बूंद-बूंद की कीमत को समझना पड़ेगा, अन्यथा यह जल संकट की समस्या गहरा सकती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं लैंगिक जागरूकता को ध्यान में रखते हुए हमें भूजल प्रबंधन में विशेषकर महिलाओं की भूमिका निर्णायक साबित हो सकती है, क्योंकि आज हमारी कुल आबादी 142 करोड़ से अधिक हो गई है और उसमें से आधी आबादी महिला शक्ति की भी है इस को ध्यान में रखते हुए हमें भूजल प्रबंधन में विशेषकर महिलाओं की भूमिका पर भी विशेष महत्व देना होगा। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर देवर्षि एजुकेशन सोसायटी देहरादून के ट्रेनर सपना रानी, प्रवीण कुमार, पिंकी, आरती, डीआईपी से आईईसी विशेषज्ञ कपिल कुमार, भूजल सहेली निशा रानी, स्वयं सहायता समूह से सीमा देवी, रीना व रीतू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह से बबीता, स्वीता, सरबती, नेहा व रामदुलारी मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की कल्पना का बजटः गौतम

**गन्नौर। केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट को लेकर भाजपा के पुरखास मंडलध्यक्ष राजेश संजय गौतम ने कहा कि आम बजट 2025-26 पेश करते हुए वित्त वर्तमान बजट में मोदी मोदी सरकार ने युवा, किसान मजदूर गरीब, महिला और मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बजट को आम आदमी के हित में बताया।



### अब 12 लाख तक की आय पर बजट नही देना पड़ेगाः सरदाना

**गन्नौर। केंद्रीय वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स को लेकर बड़े ऐलान किए हैं। इसके अलावा, अपडेटेड रिटर्न फाइल करने की समय सीमा को 2 साल से बढ़ाकर 4 साल कर दिया गया है, जिससे करदाताओं को अपने पुराने रिटर्न सुधारने का ज्यादा मौका मिलेगा। सीनियर सिटीजंस को भी अब ब्याज से होने वाली कमाई पर टैक्स छूट की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अलावा, स्टार्टअप्स को टैक्स छूट का फायदा उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन की समय सीमा 5 साल और बढ़ा दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में कई चीजों को सस्ता करने का ऐलान किया है। उन्होंने इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैक्स कम किया है, जिससे इन्हें खरीदना सस्ता होगा। इसके अलावा, मोबाइल, बैटरी, कपड़े, कैंसर की 36 दवाएं, लेदर जैकेट और कई इलेक्ट्रिक सामान भी अब पहले से सस्ते मिलेंगे।



### बजट में एमएसएमई का पूरा ध्यान रखाः राकेश छाबड़ा

**राई इंडस्ट्रीज** एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा ने कहा कि बजट में एमएसएमई का पहली बार पूरा ध्यान रखा गया है। अब एमएसएमई माईक्रो इंडस्ट्री 10 करोड़ टर्नओवर वाली माइक्रों इंडस्ट्रीज की श्रेणी में आ गई। 100 करोड़ टर्नओवर वाली समाल इंडट्री में , 500 करोड़ सालाना टर्न वाली मीडियम में आएगी। छाबड़ा ने कहा कि बजट में उद्योगपतियों के लिए गारंटी स्कीम में बिना कागजात के लोन मिलता है। वो एमएसएमई के लिए 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया है। जो एक्सपोर्टस के लिए 5 करोड़ से बढाकर 20 करोड़ कर दिया है। इससके उद्योगपतियों को आर्थिक मजबूती मिली है। छाबड़ा ने कहा कि बजट में उद्योगपतियों का पूरा ध्यान रखा गया है। बजट सराहनीय है।

### किसानों को बजट से काफी उम्मीद थी : बिरेन्द्र

**भारतीय** किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश महासचिव बिरेन्द्र पहल ने बताया कि बजट को लेकर कहा कि बजट में किसानों के लिए सरकार से बहुत उम्मीद थी। किसानों को क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले कम ब्याज के पैसों की लिमिट कम बढ़ाई गई है। पहल ने कहा कि किसानों के धन धान्य कृषि योजना की शुरुआत की है। योजना के बारे में धरातल पर आने के बाद ही पता चलेगा की किसान को कितना फायदा होगा।




### 10.21 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। बीती शाम जिला** पुलिस थाना इन्द्री की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर उप निरक्षक लखबीर सिंह की अध्यक्षता में छापामारी करके गांव कलवरी के क्षेत्र से आरोपी कृष्ण लाल पुत्र जीत राम निवासी गांव कलवरी को गिरफ्तार किया गया व आरोपी के कब्जे से 10.21 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

# अमेरिका में जिस युवक से राहुल गांधी मिले, वह घर लौटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल जिले** के गांव घोघड़ीपुर के जिस युवक से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में मुलाकात की थी, वह घर लौट आया है। अमेरिका दौरे के दौरान राहुल गांधी युवक से मिले थे। इस दौरान उन्होंने उससे वादा किया था कि वह भारत लौटकर उसके परिवार से जरूर मिलेंगे। इसके बाद 20 सितंबर 2024 को राहुल गांधी करनाल के गांव घोघड़ीपुर में युवक के परिवार से मिलने पहुंचे थे। युवक अमित मान का 21 मई 2024 को अमेरिका में काम से लौटते वक्त एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट के 23 दिन बाद अमित



होश में आया था। हालांकि उसने 3 महीने बाद अपने घरवालों को एक्सीडेंट की जानकारी दी थी। अमि अपनी तीन बीघा जमीन बेचकर डंकी के रास्ते अमेरिका गया था। वहां वह ट्रक चलाता था। अमित के मुताबिक विदेश में जाने 42 लाख रुपए खर्च हुए। आज भी घर गिरवी पड़ा हुआ है। 29 जनवरी को वह घर लौटा। अमित ने डंकी रूट की सच्चाई बताते हुए कहा कि डंकी रूट पर लाशें मिलती हैं। अगर चलने में असमर्थ हो गए तो वहीं पर तड़प-तड़प कर मौत हो जाती है। उसने बताया कि डंकी का रास्ता बहुत ही ज्यादा खतरनाक था। मैं 17 अप्रैल 2023 को घर से चला था और 6 जुलाई को अमेरिका की दीवार कूद गया था। चप्पे-चप्पे पर दिक्कतें आती हैं, जिस भी देश से गुजरते हैं, वहां पर रास्ते में पुलिस वाले पैसे छीन लेते हैं। जंगल क्रॉस करने पड़ते हैं। उसने बताया कि जंगलों में न तो कुछ खाने के लिए होता है और न ही कुछ पीने के लिए। एक तो हम परिवार से दूर होते हैं और दूसरा लाखों रुपए लगते हैं। मेरे 42 लाख रुपए खर्च हुए और आज भी घर गिरवी पड़ा हुआ है। अमित ने बताया कि डंकी कहने में आसान है, लेकिन जब घर से निकलते हैं और जंगलों, नदियों और पहाड़ों को पार करते हैं तब पता चलता है कि डंकी होती क्या है।

# कुरुक्षेत्र के युवक की हत्या कर करनाल नहर में फेंका शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कुरुक्षेत्र में युवक** की हत्या कर शव को करनाल के नजदीक रंबा नहर में फेंके जाने का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने इस हत्याकांड के लिए उसके दोस्तों को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों का आरोप है कि कुछ संदिग्धों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी कर दिया है, लेकिन अब तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। परिजन प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर पुलिस सहयोग नहीं करेगी तो वे खुद ही सर्च ऑपरेशन करेंगे। उधर कुरुक्षेत्र सीआइए 2 के इंचार्ज मोहनलाल ने बताया कि इस मामले में हमने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक की पहचान 28 वर्षीय कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। वह कुरुक्षेत्र के गांव बारवा का रहने वाला था। मृतक के बड़े भाई प्रवीन ने बताया है कृष्ण हम 3 भाइयों में सबसे छोटा था। वह राजमिस्त्री था और उसकी शादी नहीं हुई थी। कुछ दिन पहले ही कृष्ण ने अपनी बाइक गिरवी रखकर गांव के ही दोस्त अंकुश, सतीश और करनाल के चिडाव गांव निवासी दीपू को 43 हजार रुपए दिए थे।

# देश के हर व्यक्ति व वर्ग को मजबूत करेगा आम बजटः राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट देश के प्रत्येक आम नागरिक को शक्ति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें मजबूत करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि नौकरीपेशा नागरिकों को 12 लाख रुपए तक की आमदनी में आयकर छूट से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने का काम किया है। उन्होंने बजट को शानदार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल में आम बजट आमजन की बेहतरी, विकास को गति देने वाला और मध्यम वर्ग की क्षमता बढ़ाने की दिशा में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, सशक्त भारत के संकल्प की झलक नजर आती है। इसपर आगे बढ़ते हुए वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को सशक्त करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नौकरीपेशा वालों को बड़ी राहत देने के साथ-साथ बुजुर्गों को टैक्स छूट दुगनी किया जाना उनके प्रति भाजपा सरकार के सम्मान को दर्शाता है।

# बनाए गए मॉडलों का जीवन की स्थितियों में करें परीक्षण : ज्योत्स्ना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा स्कूल** शिक्षा परियोजना परिषद समग्र शिक्षा के तत्वावधान में जिला परियोजना समन्वयक ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सतत विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी विषय पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा एवं सहायक परियोजना समन्वयक पवन कुमार के संयोजन में आयोजित प्रदर्शनी में जिला भर के स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न थीम पर केंद्रित अपने मॉडल प्रदर्शित किए, पोस्टर बनाए और लघु नाटिकाओं का मंचन



किया। समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक ज्योत्स्ना मिश्रा ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ उनके मॉडलों व पोस्टरों पर चर्चा की और उनका उत्साहवर्धन किया। ज्योत्स्ना मिश्रा ने कहा कि विज्ञान और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने जीवन की समस्याओं को केंद्र में रखकर उनके समाधान के लिए सुंदर और प्रयोगात्मक मॉडल बनाए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी शिक्षा के दौरान बनाए गए मॉडलों का जीवन की स्थितियों में परीक्षण करें और उन्हें सुधारें। उन्होंने अध्यापकों और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और विज्ञान को जीवन से जोड़े की अपील की। प्रदर्शनी में मॉडल के निर्णायक मंडल में विक्रम हांडा, विदुर भाटिया, रोल प्ले में सपना, शाहिद, मोहन लाल, मिनी शर्मा, पोस्टर में कर्मबीर व पंकज कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक अरुण कुमार कैबरवा, एबीआरसी युगल किशोर, ललित, हरीश कुमार, किशोर कुमार, अमित वर्मा, रीतिका, राखी, मुकेश लता, अंकिता, रुबल, स्वाति, अनिल पाल, डॉ. महाबीर सिंह, विनोद आचार्य, सतीश कुमार सहित अनेक अध्यापकों का योगदान रहा।

# हमारा छोटा सा प्रयास किसी को दे सकता है नई जिंदगीः लखपत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सामाजिक संस्था** सेवा भारती द्वारा अर्जुन गेट स्थित सेवा श्री आश्रम में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा करना था। सिविल अस्पताल से डॉ पंकज, नर्सिंग अधिकारी रजनी बाला, नवीन देवी, विकास मान, उज्जवल देवी व अनिल कुमार की टीम ने रक्त एकत्रित किया। कुल 55 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया, लेकिन रक्ताप अधिक होने की वजह से कुल 48 सदस्यों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान



दिया। रक्तदान शिविर मे मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक लखपत सिंह ने कहा कि बताया की रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है। रक्त को केवल रक्तदाताओ से ही प्राप्त किया जा सकता है। युवा साथियों व स्वस्थ व्यक्तियों को समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए, ताकि थैलीसीमिया या अन्य मरीजों को समय से रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आज हम सभी एक पुण्य कार्य के लिए यहां आए हैं, ताकि हमारा छोटा सा प्रयास किसी को नई जिंदगी दे सके। जीवन देना और लेना तो भगवान के हाथों में है, लेकिन हमारा जीवन किसी के काम आ जाये इससे बढ़कर और कुछ नहीं हो सकता है। रक्तदान करने वाले महान होते हैं जो दूसरों की जिंदगी को बचाने के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने सेवा भारती के सभी सदस्यों का आभार जताया, जिन्होंने हर विकट परिस्थितियों में मानवता के उत्थान के बारे में सोचा। कोरोना काल के दौरान जिस तरह से सेवा भारती संस्था ने गली, मोहल्लों में जाकर जरूरतमंद लोगों की सहायता की है उसके लिए दिल से सभी का उन्होंने धन्यवाद किया। जिला प्रचारक ने कहा कि ब्लड बैंक में हमेशा प्रयाप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध रहे तथा लोगों को जरूरत पड़ने पर आसानी से ब्लड मिल सके इसको लेकर हम लोग भी प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से लोगों के शरीर में एक नई उर्जा का संचार होता है। रक्तदान के पश्चात 90 दिन के बाद लोगों के शरीर में फिर नया रक्त संग्रह हो जाता है। इसलिए लोगों को रक्तदान करने से कभी घबराना नहीं चाहिये और रक्तदान कर लोगों की जान बचाना चाहिये, क्योंकि रक्तदान महादान से ही हम एक-दूसरे को मदद कर रक्तदान कर लोगों की जान बचा सकते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से राकेश कुमार, निदेशक महावीर राइस मिल तरावड़ी, राकेश धीमान, जितेंदर वास्तव, आचार्य धर्मेंदर, ललित कुमार व सेवा भारती कार्यालय करनाल के स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन

**टी एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में वसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक अजय यादव, प्रधानाचार्या निधि जैन ने दीप प्रज्जवलित कर-के कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी बच्चों ने शिक्षा की देवी सरस्वती माता की पूजा कर मंत्रोच्चारण किया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के गायन, नृत्य ,कविता वादन,भाषण आदि के माध्यमों से बसंत पंचमी के त्यौहार को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय



की प्रधानाचार्या निधि जैन ने वसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वसंत पंचमी का दिन खास है क्योंकि यह दिन देवी सरस्वती के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है और इसे ज्ञान, संगीत और कला के क्षेत्र में सफलता प्राप्ति का दिन माना जाता है। इसके अलावा, यह दिन वसंत ऋतु की शुरुआत का प्रतीक होता है, जब प्रकृति नई ऊर्जा और जीवन से भरपूर होती है। शिक्षिका नीलम, नवीन अंतिल,ज्योति पहल,पूजा त्यागी, आरती, अनु, कोमल, ललिता ,आसना, कुसुम नेहा रेनू, सृष्टि, नंदिता, आयुष त्यागी, सुरेंद्र, रुपेश, लवली ,शशि, मीनू ,राखी मलिक आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# पुरस्कार और प्रशस्ति का सामाजिक महत्व

**प्रशस्ति और** सम्मान स्वाभाविक इच्छा हैं। यश अभिलाषा स्वाभाविक ही है। यश स्मृति आनन्दित करती है। जीवन में अपमान और अपयश भी होते हैं लेकिन अपयश के प्रमाण पत्र या स्मृति ग्रंथ नहीं होते। यश सम्मान के प्रमाण पत्र होते हैं। ऐसे पदधारक प्रशस्ति पत्र या पुरस्कार प्रमाण पत्र अपने कमरे में सजाते हैं। चाहते हैं कि आगंतुक उन्हें देखें, पढ़ें, हमको प्रतिष्ठित जानें। सम्मान पत्र प्रायः इतने भर के लिए ही उपयोगी हैं। कुछ प्रतिष्ठित सम्मानीय उन्हें लौटा कर एक दफा और यश याचक हो जाते हैं। ऐसा कई दफा हुआ है। पुरस्कार, प्रशस्ति या सम्मान पत्र लोकहित के प्रेरक हैं। सर्जक पुरस्कार के लिए ही सृजन नहीं करते। वे अपनी मस्ती और अनुभूति में सृजन करते हैं। सम्बन्धित संस्थाएँ या राजव्यवस्थाएँ उन्हें पुरस्कृत करती हैं। बेशक खेल आदि के प्रतियोगी पुरस्कार या मेडल को ध्यान में रखकर भी तैयारी करते हैं लेकिन कवि, सर्जक या कला के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय लोगों के मन में समाज को प्रेमपूर्ण बनाने की इच्छा होती है। ऐसी प्रवृत्ति स्पष्ट दिखाई पड़ती है। पुरस्कार और प्रशस्ति का सामाजिक महत्व है। ह्यसर्वभूत हितह्य से जुड़े कर्म संस्कृति हैं। लोकमंगल सामूहिक अभिलाषा है। भारत का राष्ट्रभाव सांस्कृतिक है। लोकमंगल में सबको आश्वस्ति है। वैदिक परम्परा में स्वस्तिवाचन का महत्व है। इन्द्र से स्वस्ति की प्रार्थना है-स्वस्ति नो इन्द्रः। इन्द्र कल्याण करते हैं। इन्द्र सहित सारे देव कल्याण करते हैं। कल्याण करने वाले की प्रशस्ति स्वाभाविक है। यहाँ देव शब्द हटा दें तो समाज के सुख, स्वस्ति में कर्मरत मनुष्यों की प्रशंसा होनी चाहिए, होती रही है। लोकमंगल समाज की स्वाभाविक अभिलाषा है। सुख स्वस्ति मुद-मोद-प्रमोद देने वाले महानुभावों की प्रशस्ति सामाजिक कर्तव्य है। जल जीवन है। ऋग्वेद में जल की प्रशस्ति है, जल में अमृत है, औषधियाँ हैं। ऋषि चाहते हैं कि देवों द्वारा भी जल की प्रशंसा हो। स्तुति है कि, हे देवों जल की प्रशंसा के लिए उत्साही बनो। पृथ्वी माता है और आकाश पिता है। ऋषि स्तुति है कि, दोनों प्रशस्ति सुनने के लिए हमारे पास आएँ। मुझे भारत का पद्मश्री सम्मान घोषित किया गया है। हजारों मित्र बुके लेकर आ रहे हैं। अपरिचित और परिचित मित्र फोन से बधाई दे रहे हैं। प्रशंसा सबको अच्छी लगती है। जान पड़ता है कि ऋग्वेद के देवता प्रशस्ति सुनते हैं लेकिन वे भी ह्यद्यावा पृथ्वीह्य की प्रशंसा करते हैं। प्रशस्ति का क्षेत्र समाज है। प्रशंसा से मैं भी प्रसन्न होता हूँ। मेरे 5000 आलेख प्रकाशित हो चुके हैं और 2 दर्जन पुस्तकें भी। मेरा मुख्य कार्यक्षेत्र समाज है। मैंने अनजाने में ही अहैतुक आन्दोलन संगठित किए थे। संवेदनशीलता प्रेरित करती थी। प्रशंसा से उत्साह बढ़ता था। कवि होने की क्षमता होती तो विक्षुब्ध काव्य सृजन होता। मैं लिख सकता था, सो लिखा, लिखता रहा। जो किया सो लिखा और जो लिखा सो कर गुजरा। फिर राजनैतिक दलतन्त्र का भाग बना। राजनैतिक कार्यकर्ता के पुरस्कार दलतन्त्र की कोख से आते हैं। जनता ने तरुणाई में ही पुरस्कृत किया। मैं निर्दलीय विधायक चुना गया। दलतन्त्र में पुरस्कार और तिरस्कार साथ-साथ चलते हैं लेकिन स्तम्भकारिता के चलते अनेक सरकारी-गैरसरकारी प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार मिले।

# महामारी में राज्य सरकारों की स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर क्यों?

-डॉ. सत्यवान सौरभ

> "स्रोत की पहचान करने में प्रारंभिक देरी के कारण होने वाली उच्च मृत्यु दर के कारण, केरल में 2018 निपाह वायरस के प्रकोप ने प्रारंभिक पहचान के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया। गलत सूचना और बीमारियों और निवारक उपायों के बारे में ज्ञान की कमी के कारण स्वास्थ्य सलाह के प्रति जनता के प्रतिरोध से प्रकोपों का प्रबंधन और भी खराब हो जाता है। शहरी नियोजन, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा को संभालने वाली कई एजेंसियों के अलग-अलग संचालन के कारण अकुशल और विलंबित प्रकोप प्रतिक्रिया होती है। दिल्ली के 2017 के डेंगू प्रकोप के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों और नगर निकायों के बीच खराब समन्वय के कारण मामलों में वृद्धि हुई और मच्छर नियंत्रण उपाय अप्रभावी हो गए। स्वच्छ पेयजल और पर्याप्त स्वच्छता उपलब्ध कराना अभी भी बहुत कठिन है"

**भारत को** स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि अनेक स्वास्थ्य क्षेत्रों का तेजी से वैश्वीकरण हो रहा है तथा समकालीन प्रौद्योगिकियों का प्रभाव बढ़ रहा है, जो स्वास्थ्य रणनीतियों को बदल रहे हैं। एक ऐसा संगठन जो संघीय सरकार तथा राज्यों के बीच समन्वय में सुधार करने में सक्षम हो। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रकोपों का सरकारी प्रबंधन अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे से बाधित है। अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएँ, चिकित्सा कर्मियों की कमी और पुराने नैदानिक उपकरण अप्रत्याशित रोग प्रकोपों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉक्टर-से-छात्र अनुपात 1ः 1000 की अनुशंसा करता है, लेकिन भारत में वर्तमान में यह अनुपात 1ः 900 है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर और अस्पताल के बिस्तरों की भारी कमी का अनुभव किया, जिसके परिणामस्वरूप उपचार में देरी हुई और मौतों में वृद्धि हुई। जब अपर्याप्त रोग निगरानी प्रणालियों द्वारा प्रकोपों की तुरंत पहचान नहीं की जाती है, तो वे तेजी से फैलते हैं और सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने से पहले अधिक मामले पैदा करते हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रबंधन में राज्य और स्थानीय सरकारों का महत्त्व हाल ही में पुणे में हुए गुइलेन-बैरे सिंड्रोम प्रकोप से स्पष्ट होता है।गुइलेन-बैरे सिंड्रोम में प्रतिरक्षा प्रणाली परिधीय तंत्रिका तंत्र को लक्षित करती है, यह एक दुर्लभ स्वप्रतिरक्षी बीमारी है जिसके परिणामस्वरूप कमजोरी और पक्षाघात होता है। जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान प्रदर्शित किया गया, स्थानीय सरकारों को 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियमों के माध्यम से स्वास्थ्य और स्वच्छता की देखरेख करने का अधिकार दिया गया, जिससे वे प्रकोप प्रतिक्रिया में महत्त्वपूर्ण भागीदार बन गए। स्थानीय और राज्य सरकारों की स्वच्छ जल और स्वच्छता सुनिश्चित करके सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रकोपों को नियंत्रित करने में भूमिका होती है। चूँकि ये अक्सर कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी जैसे जीवाणु संक्रमणों की उत्पत्ति होते हैं, इसलिए स्थानीय सरकारें स्वच्छ जल आपूर्ति और पर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी होती हैं। उचित जल उपचार




और सुरक्षा सावधानियों की आवश्यकता इस संभावना से उजागर होती है कि पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का प्रकोप मुख्य रूप से जल संदूषण के कारण हुआ था। असामान्य बीमारियों के मामलों का तुरंत पता लगाने और उन्हें ट्रैक करने और त्वरित प्रतिक्रियाएँ सक्षम करने के लिए स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रभावी निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। प्रारंभिक हस्तक्षेप को सक्षम करने के लिए, पुणे की त्वरित प्रतिक्रिया टीमें पहले से ही पानी के नमूने एकत्र कर रही हैं और गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के प्रसार को ट्रैक करने के लिए स्थिति पर नजर रख रही हैं। स्वास्थ्य सम्बंधी खतरों और सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जनता की शिक्षा, विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के सम्बंध में, स्थानीय सरकार द्वारा बहुत सहायता की जाती है। स्थानीय स्वास्थ्य विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम प्रकोप के दौरान जनता को सुरक्षित भोजन और पानी की प्रथाओं के बारे में पता हो ताकि अतिरिक्त संक्रमणों को रोका जा सके। प्रकोपों के दौरान सूचना, संसाधनों और अनुभव का आदान-प्रदान करने के लिए, राज्य सरकारों को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसी संघीय स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ काम करना चाहिए। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के रोगियों को प्लाज्मा एक्सचेंज और इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी प्रदान करना, जो लक्षणों के दो सप्ताह के भीतर सबसे प्रभावी है, पुणे में स्थानीय अस्पतालों और स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता है। स्थानीय अधिकारियों को अनुपालन के लिए भोजनालयों पर नजर रखने की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रकोपों का सरकारी प्रबंधन अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे से बाधित है। अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाएँ, चिकित्सा कर्मियों की कमी और पुराने नैदानिक उपकरण अप्रत्याशित रोग प्रकोपों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण बनाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉक्टर-से-छात्र अनुपात 1ः 1000 की अनुशंसा करता है, लेकिन भारत में वर्तमान में यह अनुपात 1ः 900 है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर और अस्पताल के बिस्तरों की भारी कमी का अनुभव किया, जिसके परिणामस्वरूप उपचार में देरी हुई और मौतों में वृद्धि हुई। जब अपर्याप्त रोग निगरानी प्रणालियों द्वारा प्रकोपों की तुरंत पहचान नहीं की जाती है, तो वे तेजी से फैलते हैं और सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने से पहले अधिक मामले पैदा करते हैं।

स्रोत की पहचान करने में प्रारंभिक देरी के कारण होने वाली उच्च मृत्यु दर के कारण, केरल में 2018 निपाह वायरस के प्रकोप ने प्रारंभिक पहचान के महत्त्व पर ध्यान आकर्षित किया। गलत सूचना और बीमारियों और निवारक उपायों के बारे में ज्ञान की कमी के कारण स्वास्थ्य सलाह के प्रति जनता के प्रतिरोध से प्रकोपों का प्रबंधन और भी खराब हो जाता है। शहरी नियोजन, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा को संभालने वाली कई एजेंसियों के अलग-अलग संचालन के कारण अकुशल और विलंबित प्रकोप प्रतिक्रिया होती है। दिल्ली के 2017 के डेंगू प्रकोप के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों और नगर निकायों के बीच खराब समन्वय के कारण मामलों में वृद्धि हुई और मच्छर नियंत्रण उपाय अप्रभावी हो गए। स्वच्छ पेयजल और पर्याप्त स्वच्छता उपलब्ध कराना अभी भी बहुत कठिन है, विशेषकर उच्च जनसंख्या घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों में। शहरी स्वास्थ्य निगरानी प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए, तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। शहरी स्वास्थ्य की निगरानी के लिए प्रणालियों में जोखिम व्यवहार, पर्यावरणीय चर और रोग प्रवृत्तियों की निगरानी करने वाली विस्तृत डेटा संग्रह विधियाँ शामिल होनी चाहिए। नए स्वास्थ्य जोखिमों का पता लगाने में एक केंद्रीय डेटाबेस की सहायता ली जा सकती है जो गुइलेन-बैरे सिंड्रोम जैसी बीमारियों के साथ-साथ स्वच्छता और जल गुणवत्ता पर पर्यावरणीय डेटा पर वर्तमान जानकारी संकलित करता है। शहरी क्षेत्रों में रोग निगरानी और चेतावनी प्रणालियों की प्रभावशीलता को स्मार्टफोन ऐप, डिजिटल डैशबोर्ड और सेंसर तकनीकों को लागू करके बेहतर बनाया जा सकता है। यदि निवासी स्वास्थ्य लक्षणों या जल संदूषण की रिपोर्ट करने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर सकते हैं, तो संभावित प्रकोपों को अधिक तेजी से पहचानना और लक्षित हस्तक्षेप लागू करना संभव हो सकता है। शहरी स्वास्थ्य प्रणाली को खाद्य जनित बीमारियों, वेक्टर जनित बीमारियों और गुइलेन-बैरे सिंड्रोम जैसी महत्त्वपूर्ण बीमारियों को लक्षित करने वाले विशेष निगरानी नेटवर्क को शामिल करना चाहिए। दूषित भोजन या पानी से होने वाले गुइलेन-बैरे सिंड्रोम प्रकोपों की निगरानी खाद्य जनित बीमारियों के लिए एक विशेष निगरानी नेटवर्क द्वारा की जा सकती है, ठीक वैसे ही जैसे डेंगू या मलेरिया के लिए की जाती है। एक व्यापक दृष्टिकोण के लिए, शहरी स्वास्थ्य निगरानी प्रणालियों को सामुदायिक संगठनों, नगरपालिका संस्थाओं, पर्यावरण एजेंसियों और स्वास्थ्य विभागों के साथ काम करना चाहिए। स्वच्छता और स्वास्थ्य विभागों के संयुक्त कार्य बल जीबीएस के कारण होने वाले प्रकोपों को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा और जल गुणवत्ता पर नजर रख सकते हैं।

## कविता

बसंतोत्सव का अनोखा आनंद है जीवन में
जिसके आगमन से प्रकृति की छटा भाने लगती हैं और
हमारे जीवन में उल्लास का अनुभव होता हैं। पेड़ पौधे,
बाग बगीचे वन उपवन सब महकने लगता हैं। मनुष्य व
प्राणियों में नये उत्साह का वातावरण निर्मित होता हैं।
मनुष्य का सारा ध्यान बसंती पुरवाई का आनंद उठाता है,
नई फसलों, नये फलों, रंगबिरंगी फुलों और आम की
अमराईयों, नदी, तालाब, पर्वतों और खुले सुंदर आसमान
में उड़ते पंछियों में रम जाता हैं। मंगल कार्यों की
शुरूआत करने का मन करता हैं। बसंत पंचमी मां
सरस्वती की आराधना, पूजन-वंदन, स्तुति कर ज्ञान का
आशीर्वाद ग्रहण करने का महोत्सव हैं हमारी संस्कृति के
अनुरूप बहुत गहरी भावनाओं और आनंदपूर्वक मनाते
हैं। दुखों को भूल जाना हैं। नये रुप में बसंत कि बखान
करें तो समझो दिल यही याद करता हैं।
धानी चुनर वाली बगियाँ मतवाली,
रंगबिरंगे फूलों की महक डाली डाली,
गेहूं की नई फसलों पर आ रही बाली,
हौले सिक रहे भीनी खुशबू मतवाली,
कच्ची केरियों से झूम रही पेड़ों की डाली,
सरसों की खुशबू से सराबोर हो रहे,
विहग स्वतंत्र विचर रहे आसमान में,
कोयल-पपीहे मधुर गीत सुनावे,
मोरमोरनी झूमझूम के नाचे गाये,
सब लोगन के तनमन हषार्ये,
बसंत तुम रितुओं के राजा,
बसंत पर्व मनायें, नई खुशहाली,
से जीवन अपना स्वर्ग बनायें,
वीणावादिनी की स्तुति गायें,
बसंतोत्सव में रमेरमायें !

– मदन वर्मा

## मां सरस्वती की आराधना का पर्व बसंत पंचमी

(इंजी. अतिवीर जैन पराग

**बसंत** पंचमी पौराणिक काल से चला आ रहा भारतीय त्यौहार है। यह त्यौहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है। ग्रीष्म, वर्षा ,शरद, हेमंत,शिशिर के बाद बसंत ऋतु आती है। बसंत के प्रारंभ होते ही हर साल माघ महीने की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। बसंत पंचमी का त्यौहार माता सरस्वती के साथ ही कई अन्य पौराणिक किंवदंतियों से भी जुड़ा है।

बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा की जाती है।पौराणिक मान्यता है की बसंत पंचमी मां सरस्वती का जन्मदिन है।इसी कारण इस दिन सरस्वती की पूजा की जाती हैं । सरस्वती को ज्ञानदा, पारायणी, भारती ,भगवती ,बागेश्वरी ,विद्या देवी ,विमला, हंस गामिनी ,शारदा , वादिनी , वाग्देवी ,संगीत की देवी, ब्राह्मणी, गायत्री, दुर्गा, शक्ति ,बुद्धिदात्री , सिद्धिदात्री ,आदि पराशक्ति ,भारती ,हंस वाहिनी जगदंबा आदि नाम से जाना जाता है । सरस्वती साहित्य ,संगीत, विद्या, बुद्धि , ज्ञान, कला की प्रदाता देवी हैं। संसार की समस्त विधाओं और कलाओं की जननी है ' सरस्वती के चार हाथ हैं। एक हाथ में वीणा ,दूसरा हाथ वर मुद्रा में,तीसरे हाथ में पुस्तक और चौथे हाथ में माला रहती है। सर पर मुकुट रहता है और हंस पर विराजमान रहती हैं। सरस्वती को श्वेत हंस वाहिनी ,श्वेत पद्मासना ,वीणा वादिनी, और मयूर वाहिनी भी कहा गया है । माना जाता है कि सरस्वती एक नदी के रूप में भी थी जो बाद में लुप्त हो गई।

पूर्वी भारत ,पश्चिमोत्तर भारत , बांग्लादेश, ,नेपाल सहित कई राष्ट्रों में बसंत पंचमी मनायी जाती है। बसंत छह मौसम में सबसे सुंदर मौसम होता है । इस मौसम में ना ज्यादा गर्मी होती हैं ना ज्यादा सर्दी। फूलों पर बाहर आ जाती है। खेतों में पीली सरसों सोने से चमकने लगती है।भंवरे फूलों पर मंडराने लगते हैं ।आम पर बोर आ जाता हैं । पेड़ पौधों के पुराने पत्ते झड़ने लगते हैं और नई कोपलें और नई पत्तियां, फूल आने लगते हैं ।समस्त वातावरण बसंत के रंग में रंग जाता है । इस दिन कामदेव और रति की पूजा भी की जाती है । वास्तव में बसंत आदिकाल से चला आ रहा भारत का वैलेंटाइन त्यौहार हैं। बसंत के आने पर पंचतत्व जल ,वायु ,धरती, आकाश,अग्नि मादक रूप में आ जाते हैं ' बसंत पंचमी के दिन सरस्वती की पूजा कर पीले रंग की बर्फी, बेसन, लड्डू प्रसाद बांटा जाता है। लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं।इसे रति काम महोत्सव ,मधुमास भी कहते हैं।इस मौसम में सुख का प्रभाव काम कारक रहता है। ऋतु परिवर्तन के कारण बसंत को ऋतुओं का राजा भी कहा जाता हैं। बसंत पंचमी क दिन युवा पतंगबाजी भी करते हैं परंतु भारतीय परंपरा में इस त्यौहार का पतंग से कोई संबंध नहीं है। पतंगबाजी का रिवाज हजारों साल पहले चीन में शुरू हुआ फिर कोरिया और जापान होते हुए भारत में आया। तब से पतंगबाजी इस त्यौहार पर की जाती है।

## विचार

# आई झूम के बसंत झूमो संग संग में

बलदेव राज भारतीय

**पीली-पीली सरसों फूली, पीली उड़े पतंग,**
पीली-पीली उड़े चुनरिया, पीली पगड़ी के संग।

फिल्म उपकार के इस गीत की स्वरलहरियां जब कानों के पर्दे से टकराती हैं तो मन का मयूरा झूमने लगता है। क्या मौसम हैङ्क. जब ठंडी हवाओं की गूंज धीमी पड़ने लगती है और सूर्य की किरणें अपनी तपिश से धरती को उष्णता का स्पर्श देने लगती हैं, तब यह संकेत होता है कि प्रकृति नवजीवन का उत्सव मनाने को तैयार है। यह ऋतु जब धरती को नवपल्लवों की हरी चादर से ढंक देती है, जब वृक्षों पर नई कोंपलें निकलती हैं और दिशाएं पीली-पीली सरसों के फूलों से रंगीन हो उठती हैं, आम की डालियों पर मंजरियों की सुगंध बिखरने लगती है। कोयल अपनी कूक से वातावरण को संगीतमय बना देती है, और मंद मंद बहती पुरवाई तन मन को आनंदित कर देती है, तब समझो कि बसंत आ गया है। बसंत न केवल ऋतु है, बल्कि यह सौंदर्य, उल्लास और नई सृजनशीलता का पर्व भी है। यह ऋतु है परिवर्तन की, उमंगों की, जीवन में नई ऊर्जा भरने की। इस ऋतु में पृथ्वी के सभी जीव जंतु भी उत्साह से भर जाते हैं। बसंत केवल फूलों के खिलने और वातावरण में रंग भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव मन के भीतर नई चेतना, नई आशा और नए विचारों का संचार करता है। यह हमें सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनता आवश्यक है। यह हमें अपने अंदर की सुस्ती और जड़ता को छोड़कर आगे बढ़ने का संदेश देता है। बसंत हमें बताता है कि जीवन में रसों और रंगों का क्या महत्व है? यदि इस जीवन से रस और रंग को निकाल दिया जाए तो सचमुच यह दुनिया कितनी नीरस और बेरंग लगेगी। बसंत ऋतु न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि यह अनेक सांस्कृतिक और धार्मिक पर्वों का वाहक भी है। इस ऋतु में कई महत्वपूर्ण त्योहार मनाए जाते हैं, जो इस मौसम की सुंदरता और उल्लास को और भी बढ़ा देते हैं।बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि और होली इस ऋतु के मुख्य त्यौहार हैं। बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है, जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि प्रकृति के सौंदर्य और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना का भी पावन अवसर देता है। यह त्योहार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है और इसे ऋतुराज वसंत के आगमन का सूचक माना जाता है। इस दिन बच्चे पहली बार शिक्षा ग्रहण करते हैं, जिसे 'विद्यारंभ संस्कार' कहा जाता है। लोग पीले वस्त्र धारण करते हैं, पतंग उड़ाते हैं और आनंदमय वातावरण का अनुभव करते हैं। लोग मंदिरों, पूजास्थलों पर मां सरस्वती की आराधना करते हैं, भंडारा इत्यादि करते है जिसमें पीले रंग का भोजन वितरित किया जाता है।

बसंत ऋतु ने न केवल प्रकृति को प्रभावित किया, बल्कि साहित्य, काव्य और संगीत को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। कालिदास के 'ऋतुसंहार' में बसंत को अत्यंत ही सुंदर रूप में वर्णित किया गया है। हिंदी और संस्कृत साहित्य में इसे प्रेम और सौंदर्य की ऋतु कहा गया है। सूरदास, तुलसीदास और अन्य अनेक कवियों ने बसंत का चित्रण अपनी कविताओं में किया है। सच पूछो तो बसंत ऋतु कवियों और गीतकारों की चितेरी ऋतु रही है। यह ऋतु प्रेम का भी प्रतीक है। प्रकृति में जब चारों ओर रंग बिखरते हैं, तब मनुष्य का मन भी प्रेम और उमंग से भर उठता है। यह ऋतु प्रकृति की यौवनावस्था का प्रतीक है। कृष्ण और राधा की रासलीला का मुख्य समय भी बसंत ही था। यही कारण है कि इसे प्रेम और सौंदर्य का पर्व भी कहा जाता है। किसानों के लिए बसंत किसी वरदान से कम नहीं होता। इस समय उनकी मेहनत रंग लाने लगती है। फसलें लहलहाने लगती हैं, खेतों में सरसों की पीली चादर बिछ जाती है, गेहूं की बालियां पकने लगती हैं, और किसान की आंखों में नई उम्मीदें झलकने लगती हैं। खेतों में लहलहाती फसलें ऐसे लगती हैं मानों पृथ्वी पर प्रकृति ने सोना बिखेर दिया हो।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# दिल्ली में मोदी बनाम केजरीवाल बनाम राहुल

राकेश अचल

**दिल्ली विधानसभा का** चुनाव है तो मुंबई महापालिका से भी छोटा लेकिन इस चुनाव को जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां आम आदमी पार्टी जैसे छोटे से दल से भिड़ गयीं है । इस चुनाव को अब दिल्ली वाले केजरीवाल बनाम मोदी बनाम राहुल होते देख रहे हैं। सत्तारूढ़ होने की वजह से जहाँ भाजपा ये चुनाव जीतने के लिए साम-दाम-दंड और भेद का इस्तेमाल कर रही है ,वहीं कांग्रेस भी आम आदमी पार्टी को आस्तीन का सांप मानकर कुचलने में जुटी हुई है।

सबसे पहले सत्तारूढ़ दल की बात करते है। इस चुनाव में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के ऊपर जितने भी हमले किये हैं उनका बचाव प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर पार्टी के हर छोटे बड़े नेता को करना पड़ रहा है। संख्याबल और अनुभव के हिसाब से देखें तो भाजपा के समाने आम आदमी पार्टी अभी भी शैशवकाल में है लेकिन उसका हौवा इतना है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक को मैदान में उतरना पड़ा है। पूरे देश में भाजपा और डबल इंजिन की जितनी भी राज्य सरकारें हैं उनके मुख्यमंत्री भी दिल्ली जितने के लिए अपने -अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे है। एक यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जरूर महाकुम्भ हादसे की वजह से दिल्ली नहीं जा पाए। भाजपा ने दिल्ली जीतने के लिए अपने सभी आजमाए हुए फामूर्ले दिल्ली में भी अपनाये है। भाजपा ने केंद्रीय चुनाव आयोग का खुलकर दुरुपोग किया है। पुलिस का इस्तेमाल किया है। आम आदमी पार्टी पर दबाब बनाने के लिए दिल्ली स्थित पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के घर छापा मरने की कोशिश की है। आम आदमी पार्टी के 7 पूर्व विधायकों के असंतोष का फायदा उठाते हुए उन्हें पार्टी छोड़कर बाहर आने पर मजबूर कर दिया है। अब ये सब भाजपा के लिए काम करेंगे। आम आदमी पार्टी सरकार के मुखिया से लेकर पुराने केजरीवाल मंत्रिमंडल के तीन मंत्रियों को जेल की हवा पहले ही खिलाई जा चुकी है।

# ऋतुओं का राजा है वसंत

विजय गर्ग

**सब** ऋतुओं के अपने-अपने रंग और अपना-अपना राग है। फिर भी वसंत ऋतु के ठाठ ही कुछ निराले हैं। यह प्रेम की ऋतु है, मधुर श्रंगार की वेला वसंत में ही आती है। मुक्त समीकरण में मादकता घुलने लगती है, बौराए हुए आम की शाखा पर कोकिल युगल के सुरों में डूबने के लिए कामदेव फूलों के कोमल तीर चलाते हुए चले आते हैं। मयूर अपनी प्रेयसियों को नाच-नाचकर रिझाने लग जाते हैं। मधुवन में बहार सी आ जाती है और किंशुक केसरिया लिबास में खड़ा हुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींचकर मन ही मन मुग्ध होने लगता है। वसंत आते ही प्रकृति का तेज और ओज बढ़ जाता है। श्वेतकमल पर विराजित शुभ्रवस्त्रावृता सरस्वती की पूजा में झूमती हुई शीतल-मंद-सुगंधित पवन जन-जीवन को उल्लास से भर देती है। फूलों से लदी डालियां, फूली हुई सरसों, लहलहाते खेत, परागकणों को चूमती हुई तितलियां देख मन बौराने लगता है। उमंग से भरा हुआ मन कभी कलाकार बनने के लिए उछलता है तो कभी कोई मधुर गीत गुनगुनाने लगता है।

**नव-सृजन का उत्सव**

मां सरस्वती हमारे जीवन में एक व्यवस्थापिका की तरह आती हैं। वह आकर हमें उस रंगशाला में ले जाती हैं जहां आम्रमंजरियां, किंशुक के फूल और गेहूं की बालियां हाथों में लेकर खड़ी कुमारियां वसंतोत्सव में मगन हैं। जहां नववधुओं के जूड़े महकने लगते हैं, नवमल्लिका की खिली हुई कलियों के गजरे इतराने लगते हैं। नई-नई कोंपले फूट रही होती हैं। कुहू-कुहू से दिशाएं गूंजने लगती हैं। नव-सृजन के उत्सव का आमंत्रण पाकर कवि का चित्त जाग जाता है।

मृदंग की थाप पर तरुणाई थिरकने लगती है, चितेरे के हाथ में आकर तूलिका मचलने लग जाती है, नर्तकियों के चितवन में मृगनयनों का बांकापन उतर आता है, गायक के कंठ में कोई गंधर्व आकर बैठ जाता है और प्रियतम की बांहों में झूलने के लिए मुग्धा नायिका मचल उठती है। वसंत ऋतुओं का राजा अवश्य है, किंतु वह तानाशाह नहीं है। उसे अपनी शान बघारना नहीं आता। उसे शायद यह पता भी नहीं कि वह दूसरी ऋतुओं से क्यों महान है?

## न्यूज फ्लैश

### सड़क पार करते समय बुजुर्ग को रोडवेज बस ने चपेट में लिया, अस्पताल में मौत

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार रोडवेज विभाग की बस ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहजानपुर हाल में गांव बहालगढ़ निवासी बेबी ने बताया कि उसका पति राजाराम (55) निजी कंपनी में नौकरी करता था। उसका पति एक फरवरी को घर से निकला था। वह बहालगढ़ क पास सड़क पार करने लगा। उसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी एसआई संदीप ने बताया कि मृतक की पत्नी के बयान पर आरोपित रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### प्लॉट को लेकर महिला के साथ लाखों रुपयों की धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र में महिला से प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपयों की राशि के ठगने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी रणबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में उसकी जानकारी ज्योति के माध्यम से रेलवे कॉलोनी की रहने वाली सुनीता देवी से संपर्क हुआ। सुनीता ने बैयां पुर खुर्द में स्थित 65 वर्ग गज का प्लाट चार लाख रुपये में बेचने की बात की। प्लाट का सौदा होने पर उसने एग्रीमेंट कर सुनीता को 2.50 लाख रुपये भी दे दिए। उसने बताया कि दोनों में तय हुआ कि प्लाट की रजिस्ट्री 13 जून 2023 को कराई जाएगी। आरोपित ने न तो रजिस्ट्री की और न ही रुपये वापस किए। बाद में पता चला कि उसी प्लाट को सुनीता ने बैंयापुर के रहने वाले रविंद्र को चार लाख रुपये में बेच दिया। आरोपित महिला ने एक ही प्लाट को दो अलग-अलग लोगों को बेचकर धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पश्चिमी पुलिस उपायुक्त को दी थी। अब जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उमेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### छोटूराम स्मारक समिति द्वारा अलग-अलग प्रतियोगिताएं की आयोजित

**सोनीपत: चौधरी छोटू राम स्मारक** समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, रागिनी प्रतियोगिता और गीत-भजन प्रतियोगिता शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों के अनुसार, क वर्ग भाषण प्रतियोगिता में रामजस स्कूल की लक्ष्मी, द्वितीय ऋषिकुल स्कूल की रीया व तृतीय स्थान पर गौरी ऋषिकुल विद्यापीठ को मिला। वहीं ख वर्ग में सचिन ने प्रथम, दूसरे स्थान पर देशना शर्मा, व तीसरे स्थान पर तन्नू ममता को मिला। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी को प्रथम, प्राची को दूसरा व निशा को तीसरा स्थान, गीत-भजन व रागनी प्रतियोगिता में तृप्ति प्रथम, मंदीप दूसरा व खुशबू तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है। साथ ही, यह कार्यक्रम चौधरी छोटू राम की याद में आयोजित किया गया, जो एक महान नेता और समाजसेवी थे।

# शोधकर्ता शंभू नाथ ने हैजा बीमारी के ईलाज में कारगर दवाई का किया था आविष्कारः अशोक

### आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाई वैज्ञानिक शंभू नाथ डे की जयंती और अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला की पुण्यतिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**आर्य बाल भारती स्कूल** परिसर में विश्व के प्रसिद्ध वैज्ञानिक शंभू नाथ डे की जयंती और अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला की पुण्यतिथि मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने की उप प्राचार्य जगदीश आर्य ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगीत अध्यापक संदीप आर्य ने सभी का स्वागत कियो मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, डीपीई आशा अरोड़ा, नीतू चौधरी और सोनिका, रेखा रानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित कियो इस अवसर पर ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद महान बलिदानी वीर हकीकत राय , स्वतंत्रता सेनानी योगी अरविंद घोष अमर शहीद रणवीर आर्य और आचार्य



बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने बार-बार याद किया यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने कहा कि भारत एक धार्मिक और आध्यात्मिक राष्ट्र है भारतीय संस्कृति वेदों पर आधारित है और वेदों में विज्ञान को विशेष महत्व दिया गया है विज्ञान ने मनुष्य को 100 साल तक सुखी जीवन जीने के सभी साधन उपलब्ध करवाए हैं। विश्व के महान वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता शंभू नाथ डे ने पहले हैजे की बीमारी से अनेक व्यक्ति असमय ही मौत के मुंह में चले जाते थे शोधकर्ता शंभू नाथ ने सबसे पहले हैजा बीमारी के ईलाज में कारगर दवाई का आविष्कार किया था उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं के कठिन प्रयासों के कारण ही आज विश्व में हैजे की बीमारी पर काबू पाया जा सका। उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान-विज्ञान की देवी मां सरस्वती दिवस 2 फरवरी को सारा विश्व मनाएगा उन्होंने कहा कि सभी अध्यापकों, अभिभावकों व ज्ञान की देवी सरस्वती का स्मरण प्रतिदिन करके ही अपनी दिनचर्या का शुभारंभ करना चाहिऐ संगीत अध्यापक संदीप कुमार ने कहा कि आजकल गीत संगीत के क्षेत्र में भी रोजगार के असीम अवसर उपलब्ध है इसलिए छात्रों को वीणा वादिनी मां सरस्वती का स्मरण करके संगीत विषयों पर भी पूरा ध्यान देना चाहिऐ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप प्राचार्य जगदीश आर्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसलिए छात्रों को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास, आसन और ध्यान लगाना चाहिए।

## बच्चों में शूज और स्टेशनरी का सामान वितरित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर पानीपत में गरीब , मेधावी एवम असहाय बच्चों को शूज और स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया .कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी रतन सिंह नलवा ने की । इसके अतिरिक्त विद्यालय के स्टाफ सदस्य सुमित्रा और हितेश भार्गव के द्वारा असहाय , निर्धन एवम मेधावी बच्चों को जूते वितरित किए गए ताकि बच्चे पुरी यूनिफॉर्म में आ सकें और ठंड से बच सकें। इसकी अतिरिक्त आज सुबह प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह किया गया। विद्यालय के जिन बच्चों ने जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के विभिन्न प्रतियोगिता जैसे पोस्ट र मेकिंग, मॉडल मेकिंग ,स्किट आदि में भाग लिया था उस प्रतियोगिता में आर्यन ने डिजास्टर मैनेजमेंट पोस्ट र मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर स्किट प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय से कक्षा 6 से 8 के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए।

## मकान से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र** के गांव भठगांव डुगरान में स्थित मकान से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भठगांव डुगरान निवासी विकास कुमार ने बताया कि उसने छह महीने पहले कबीरपुर में मकान खरीदा था। वह गत 31 जनवरी को देर शाम को मकान की सफाई पर ताला लगाकर घर चला गया। शाम को जब वह वापस लौटा तो मकान के अंदर का सारा सामान गायब मिला।

## बजट हर दृष्टिकोण से हर वर्ग के लिए हितैषीः सीए जगदीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को देश का बजट पेश किया।पेश किए गए। इस बजट को लेकर सीए जगदीश धमीजा ने कहा कि वित्त मंत्री ने जो आज बजट पेश किया है जो हर दृष्टिकोण से हर वर्ग के लिए हितैषी है।उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए एमएसएमई की परिभाषा को और बड़ा कर दिया गया है । जिसके तहत 2.5 करोड़ रुपए तक की इन्वेस्टमेंट और 10 करोड़ रुपए तक की घरेलु सेल करने वाले व्यापारी सूक्ष्म कैटेगरी में, 25 करोड़ रुपए तक की इन्वेस्टमेंट और 100 करोड़ रुपए तक की सेल करने वाले व्यापारी लघु कैटेगरी में और 125 करोड़



रुपए तक की इन्वेस्टमेंट और 500 करोड़ रुपए तक की घरेलू सेल करने वाले व्यापारी मध्यम कैटेगरी में आएंगे, जिससे वे हर कैटेगरी में विभिन्न सरकारी लाभों का फायदा ले सकेंगे। इसके साथ ही सूक्ष्म और लघु श्रेणी में आने वाले व्यापारियों के लिए केंद्रीय गारंटी के तहत ऋण की सुविधा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है। सूक्ष्म श्रेणी में आने वाले व्यापारियों के लिए 5 लाख रुपए तक की लिमिट वाले 10 लाख क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने की पहल एक बहुत ही अच्छा कदम है। इसके अलावा भी मौजूदा बजट में टेक्सटाइल, लिथियम बैटरी आदि अनेक चीजों पर कस्टम ड्यूटी को कम किया गया है जिससे आम जनता को फायदा मिलेगा। नौकरी करने वाले और मिडिल क्लास लोगों को सरकार ने इनकम टैक्स में बहुत बड़ी राहत दी है जिसके तहत पहले 4 लाख रुपए तक कोई इनकम टैक्स नहीं लगेगा।टीडीएस की थ्रेशोल्ड लिमिट में भी बदलाव किया गया है जिसके तहत बैंक से मिलने वाले 50 हजार रुपए तक के ब्याज पर कोई टीडीएस नहीं काटा जाएगा जो लिमिट पहले 40 हजार रुपए तक थी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1 लाख रुपए तक के ब्याज पर कोई टीडीएस नहीं काटा जाएगा जो पहले 50 हजार रुपए तक ही थी। पहले 2 लाख 40 हजार रुए से ज्यादा किराया देने पर टीडीएस काटने का प्रावधान था जिसे बढ़ाकर अब 6 लाख रुपए सालाना कर दिया गया है।

इसी प्रकार से इंश्योरेंस कमिशन, प्रोफेशनल इनकम आदि अनेक मामलों में टीडीएस काटने की लिमिट को बढ़ा दिया गया है।

## शेयर मार्केट सिखाने व निवेश के नाम पर 14 लाख रुपये ठगे

**सोनीपत:** जिले में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। युवक व महिला को शेयर मार्केट में निवेश व ट्रेडिंग सिखाने के नाम पर लाखों रुपये की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना सोनीपत पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव ककाना निवासी प्रियंका ने बताया कि उसके पास गत 3 नवंबर को उसके पास कॉल आई। उसके सोशल साइट अकाउंट पर फ्री शेयर कर्मचारी के रूप में ऑफर दिया। उसे झांसे में ले लिया। उसे हर रोज आठ से एक घंटे की क्लास दी जाने लगी। उसके बाद उसे आईडी जोड़ने पर पंद्रह हजार रुपये देने की बात कही। उसके बाद उसे रिटर्न में मुनाफा देने की बात कही। उसने तीन नवंबर, 2024 से तीन नवंबर, 2024 तक 58 ट्रांजेक्शन के जरिए 4.91 लाख रुपये उनके खातों में भेज दिए। रुपये वापस मांगने पर उसे और रुपये मांगे जाने लगे। उसे अहसास हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है। जिसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि मामले को गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बेटी को दौड़ का अभ्यास कराने गए पिता को नशा कर रहे युवकों ने पीटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल थाना क्षेत्र में** बेटी को दौड़ का अभ्यास कराने पहुंचे उसके पिता को नशा कर रहे युवकों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों की तलाश कर रही है। गांव भिगान निवासी कुलदीप ने बताया कि वह गत 29 जनवरी को देर शाम अपनी बेटी को गांव के खेल स्टेडियम पर दौड़ का अभ्यास करवाने के लिए पहुंचा। जहां अंकुश, दीपक सहित कुछ अन्य लड़के स्टेडियम में बैठक नशा कर रहे थे। इस बारे में जब विरोध किया तो उन्होंने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उसके बाद उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। उसे अधमरा करके फरार हो गए। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां उसने अपना उपचार करवाया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी रोहित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## कैंटर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र में** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीतमपुरा निवासी प्रवीन ने बताया कि वह उसका भाई अनिल कोरियर का काम करता था। उसके भाई को तेज रफ्तार कैंटर ने दावत राइस मिल के पास चपेट में ले लिया। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## सरस्वती की धारा पुन प्रवाहित करने पर सरकार का फोकसः भारत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मुख्यमंत्री के ओ** एस डी एवं सरस्वती नदी विशेषज्ञ भारत भूषण भारती ने कहा कि तीन करोड़ साल पुरानी एतिहासिक पवित्र सरस्वती नदी को फिर से धारा पर प्रवाहित करने पर सरकार का पूरा फोकस है। इस अहम विषय को लेकर तीन दिवसीय वर्कशाप में वैज्ञानिकों ने कई अहम सुझाव दिए गए है। इन सभी सुझावों पर प्रदेश सरकार की तरफ से कार्य किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से महोत्व का वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का कार्य शुरू किया। इसके बाद इस




महोत्सव को पांच दिवसीय और आने वाले समय में इस महोत्सव को 9 दिवसीय मनाने के प्रस्ताव पर मंथन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ओएसडी भारत भूषण भारती शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती नदी कांफ्रेंस के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने देश व विदेश के वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों द्वारा तीन दिन तक किए मंथन व चिंतन पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारों को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती पर पिछले दस सालों में किए शोध कार्यो व विकास कार्यो पर विस्तार चर्चा की गई है। इसके साथ भविष्य सरस्वती पर शोध व अन्य कार्यो की रूप रेखा पर चर्चा की गई है। इस मंथन के दौरान सरस्वती शोध कार्यो व अध्यन कार्य के साथ संस्कृत भाषा को साथ जोड ? का सुझाव दिया गया। इस सुझाव पर अब कैथल के महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय को शोध के साथ अन्य अध्यन कार्यो के साथ जोड़ा जाएगा। इस देश में संस्कृत एक वैज्ञानिक, स्टीक व पुरानी भाषा है। इसलिए इस भाषा को सरस्वती नदी के शोध कार्यो के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि देश विदेश के ज्ञाताओं ने माना है कि सरस्वती नदी का एतिहास करीब तीन करोड़ वर्ष पुराना है। इसके लिए सभी साक्ष्य भी सामने आ चुके है।

## बजट देश को विकसित बनाने की दिशा में काम करेगाः जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः सांसद नवीन जिन्दल** ने 2025 के बजट की सराहना करते हुए, इसे उद्योगों, किसानों और मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी बताया है। सांसद नवीन जिन्दल ने केंद्रीय बजट 2025 की सराहना करते हुए, इसे संतुलित और समावेशी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्गों उद्योगों, मध्यम वर्ग, किसानों, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम), और न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित होगा।सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि इस बजट में उद्योगों व लघु उद्योगों (एमएसएमई) के विकास को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस



प्रावधान किए गए हैं। सरकार द्वारा उठाए गए कदम से न केवल उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि छोटे और मध्यम व्यापारियों को भी सहायता मिलेगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने किसानों को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि कृषि क्षेत्र में यूरिया, डीएपी व अन्य फर्टिलाइजर की कमी को दूर करने, उत्पादन बढ़ाने वाले नवाचार, सिंचाई योजनाओं और सब्सिडी को लेकर उठाए गए कदम किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेंगे। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह बजट देश के मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। मध्यम वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए इस बजट में कर संबंधी छूट से आम जनता को आर्थिक राहत मिलेगी। इस बजट से मध्यम वर्ग को मिलने वाली रियायतों के कारण, उद्योगों के उत्पादन की खपत के लिए भारत को विदेशों की तरफ नहीं देखना पड़ेगा। पर्यावरण और ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का निर्णय लिया है। सांसद नवीन जिन्दल ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह देश को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाने में सहायक होगा। सस्ती और टिकाऊ बिजली मिलने से देश का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित होगा। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि 2025 का बजट हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ लेकर आया है, और यह समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एसडी पीजी कॉलेज में बसंत आयो रे उत्सव का रंगारंग समापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः पानीपत में** दो दिवसीय बसंत आयो रे उत्सव के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया और बसंत पंचमी के त्यौहार को रंगारंग तरीके से समापन किया । दूसरे दिन पतंग उड़ाना, पतंग बनाना एवं सजाना, पीली वेशभूषा में नृत्य, काव्य पाठ और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रमों में प्रो अन्नू आहूजा, डॉ संतोष कुमारी, डॉ मोनिका खुराना, प्रो तन्नु मेहता, प्रो निधि ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया । प्रथम आने वाले विजेताओं को पांच सौ रुपये, द्वितीय को तीन सौ रुपए, तृतीय



को दो सौ रुपए इनाम में दिए गए । सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स से नवाजा गया । पतंग बनाने और उड़ाने में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्राध्यापकों ने भी हिस्सा लिया । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि वसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है । मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं । हर दिन नयी उमंग से सूर्योदय होता है और नयी चेतना प्रदान कर अगले दिन फिर आने का आश्वासन देकर चला जाता है । यों तो माघ का यह पूरा मास ही उत्साह देने वाला है परन्तु वसंत पंचमी का पर्व भारतीय जनजीवन को अनेक तरह से प्रभावित करता है । प्राचीनकाल से इसे ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती का जन्मदिवस माना जाता है । जो शिक्षाविद भारत और भारतीयता से प्रेम करते हैं वे इस दिन मां शारदे की पूजा कर उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं । इस दिन पर कलाकारों का तो कहना ही क्या? जो महत्व सैनिकों के लिए अपने शस्त्रों और विजयादशमी का है, जो विद्वानों के लिए अपनी पुस्तकों और व्यास पूर्णिमा का है, जो व्यापारियों के लिए अपने तराजू, बाट, बहीखातों और दीपावली का है, वही महत्व कलाकारों के लिए वसंत पंचमी का है । चाहे वे कवि हों या लेखक, गायक हों या वादक, नाटककार हों या नृत्यकार, सब दिन का प्रारम्भ अपने उपकरणों की पूजा और मां सरस्वती की वंदना से करते हैं डॉ मोनिका खुराना ने कहा कि राजा भोज का जन्मदिवस भी वसंत पंचमी को ही आता हैं। राजा भोज इस दिन एक बड़ा उत्सव करवाते थे जिसमें पूरी प्रजा के लिए एक बड़ा प्रीतिभोज रखा जाता था जो चालीस दिन तक चलता था । वसन्त पंचमी हिन्दी साहित्य की अमर विभूति महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का जन्मदिवस भी है । निराला जी के मन में निर्धनों के प्रति अपार प्रेम और पीड़ा थी । वे अपने पैसे और वस्त्र खुले मन से निर्धनों को दे डालते थे । इस कारण लोग उन्हें 'महाप्राण' कहते थे।

## शान्ति नगर के साधुराम आश्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट चलाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे क्षेत्र के गांवों, कस्बों, कालोनियों और शहरों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रहा है। इसी कड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज थानेसर हल्के में स्वामी नारायण गिरि साधुराम आश्रम में



पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। डॉ प्रमोद ने बताया कि आज 80 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई।

## न्यूज फ्लैश

### अक्षित राणा का क्रिकेट स्टेट कैंप के लिए हुआ चयन



टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** उपमंडल अंब के अक्षित राणा ने अंडर-14 में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेट कैंप के लिए अपनी जगह बनाई है। अक्षित राणा का मीडियम पेसर बॉलिंग एवं मिडिल ऑर्डर बैट्समैन के तौर पर चयन हुआ है। अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदेश की 12 टीमों ने हिस्सा लिया। ऊना के पेखुबेला, इंदिरा स्टेडियम में अलग अलग जिलों की टीमों के साथ खेलते हुए धर्मशाला में एचपीसीए के अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में मंडी एवं ऊना के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में जिला मंडी विजेता तथा जिला ऊना की टीम उपविजेता रही। जिसमें पूरी प्रतियोगिता में अक्षित राणा ने बेहतर प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेट कैंप जिला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में 17 फरवरी तक चलेगा।

### रायपुर सहोड़ा में खेतों में पानी लगाने को लेकर महिला पर ईंट से हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** पुलिस थाना मैहतपुर के तहत रायपुर सहोड़ा में खेतों में पानी लगाने को लेकर एक महिला के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में घायल महिला का सीएचसी बसदेहड़ा में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम कुमारी निवासी रायपुर सहोड़ा ने दिवस उसने अपने पति राजिन्द्र सिंह के साथ खेतों में पानी दे रही थी। इसी दौरान खेतों के साथ लगती जमीन के मालिक दीप ने रास्ता रोककर गाली-ग्लोच करने लग पड़ा। पानी पहले अपने खेत को लगाने पर दीप बहसबाजी करने लगा। इतना ही नहीं खेत में पड़े ईंट उठाकर सिर पर मार दी। ईंट के हमले में घायल प्रेम कुमारी को पति राजिंद्र सिंह उपचार के लिए सीएचसी बसदेहड़ा ले गया, यहां पर महिला का उपचार जारी है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 3 फरवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** नई 33 केवी लाइन जोगीपंगा से अघलौर के उचित रखरखाव के लिए 33 केवी ऊना, बंगाणा फीडर की विद्युत आपूर्ति 3 फरवरी को सुबह 9 से 6 तक बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल थानाकलां के इंजीनियर जोगिंदर सिंह कौशल ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को 11 केवी थानाकलां, 11 केवी खुरवाई, 11 केवी अंबेहडा, 11 केवी रायपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत आने वाले थानाकलां, घुमन कलां, खुरवाई, जोगीपंगा, लमलेहड़ी, अंबेहडा, कुड प्लाहटा, क्यारियां, हरी नगर, पनेड, टीहरा, बुढ्वार, डोह, रायपुर, तलाई, घरवासड़ा, चुरडी, अघलौर, सकौन, बल्ह, मंदली, कोलका, बीहडू, ककराणा, कोटी व त्यार आदि क्षेत्रों के गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जेएस विज्डम में बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** जेएस विज्डम वर्ल्ड स्कूल ऊना में बसंत पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में अवगत कराया। स्कूल के एमडी सुनील चौधरी ने कहा कि आज के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है और बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इस दिन सभी पीले रंग के वस्त्र धारण करते हैं। स्कूल उपप्रधानाचार्य नीरज गौतम ने विद्यार्थियों से कहा कि आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए।

### अर्पित व सानवी ने जीता मिस्टर और मिस फेयरवेल का खिताब

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में शनिवार को 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा 12वीं के छात्रों के लिए यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमानत, शुभांगी, शताक्षी, श्रेया, दीपशिखा, रिपुदमन, नंदिनी, समृद्धि, रीतिका, कृतिका, इशिका, आशिया, वैष्णवी ने सीनियर वर्ग के छात्रों का स्वागत किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने प्यार और आभार का प्रदर्शन किया।

# 15 दिवसीय बागवानी शिविर के समापन समारोह में उपायुक्त किन्नौर ने की शिरकत

**प्रशिक्षण शिविर**

**जेएसडब्ल्यू परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के निर्धन वर्गों के युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण**



टीम एक्शन इंडिया
अनिल

रिकांग पीओ : उपायुक्त किन्नौर डॉ अमित कुमार शर्मा ने गत दिवस जिला के रिकांग पियो स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जेएसडब्ल्यू व कृषि विज्ञान केंद्र शरबो के संयुक्त तत्वाधान द्वारा आयोजित किए गए 15 दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि जिला किन्नौर के बागवानों को बागवानी से संबंधित नवीनतम तकनीक एवं उपकरण की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जेएसडब्ल्यू द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से निर्धन वर्गों के युवाओं का चयन किया गया ताकि उनका कौशल विकास संभव हो सके तथा जीवन स्तर में सुधार हो सके।

उपायुक्त ने बताया कि इस बागवानी प्रशिक्षण शिविर में मिट्टी परीक्षण, कीट प्रबंधन, रोग रोकथाम, मौन पालन, प्रूनिंग, नर्सरी व परागण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ताकि लघु एवं सीमांत बागवानों कि आय में इजाफा हो सके तथा कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत स्थानीय युवाओं का कौशल विकास संभव हो सके डॉ अमित कुमार शर्मा ने बागवानी एवं कृषि विभाग तथा जेएसडब्ल्यू से आह्वान किया कि वे समय-समय पर किसानों एवं बागवानों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें और उन्हें नवीनतम तकनीकों से अवगत करवाएं ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में वे अपने उत्पाद बेच सके।

उप निदेशक उद्यान किन्नौर डॉ भूपेंद्र सिंह नेगी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें विभाग द्वारा सरकारी जमीन में रोपित विभिन्न सेब की उन्नत किस्मों से अवगत करवाया इससे पूर्व डॉ अमित कुमार शर्मा ने उपायुक्त कार्यालय की पार्किंग में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौसम आधारित बीमा करने वाले पॉलिसी धारकों को पॉलिसी वितरित की और उपस्थित कृषि एवं बागवानी अधिकारियों को इस योजना का प्रचार प्रसार करने पर बल दिया ताकि हर वर्ग इस योजना से लाभान्वित हो सके।

## कविता लेखन में पूजा संधु ने हासिल किया प्रथम स्थान




टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या में यूथ और इको क्लब के तहत प्रिंसीपल प्रिया पोसवाली की अध्यक्षता में क्लब प्रभारी दिव्या चंदेल द्वारा जल संरक्षण पर छठी कक्षा की छात्राओं के मध्य कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रभारी लता देवी व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में पूजा संधु नें प्रथम स्थान हासिल किया जबकि परी द्वितीय व रूपांशी तृतीय स्थान पर रहीं।

## सिरमौर पुलिस ने 40 ग्राम स्मैक के साथ 36 वर्षीय महिला गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन :** सिरमौर पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। ताजा मामले में पुलिस ने 36 वर्षीय महिला को 40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। यह मामला पांवटा साहिब उपमंडल के माजरा थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है माजरा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला अपने घर से स्मैक/चिट्टा बेचने का अवैध धंधा कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान आरोपी महिला के कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद की गई इस मामले की पुष्टि डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने की है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला सजिदा पत्नी अब्दुल, निवासी गांव भगवानपुर, डाकघर पिपलीवाला, तहसील पांवटा साहिब (सिरमौर) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत माजरा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है सिरमौर पुलिस लगातार नशे के खिलाफ अभियान चला रही है और नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि अगर कहीं भी नशे की अवैध बिक्री या तस्करी हो रही हो, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## भरवाईं स्कूल में स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरवाईं में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वाराएक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने किया। एनएसएस शिविर का आयोजन एनएसएस अधिकारी प्रवक्ता गणित सुनील कुमार एवं प्रवक्ता कॉमर्स रेणु सरोच की अगुवाई में हुआ। इस अवसर पर 60 स्वंयसेवियों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान एनएसएस स्वंयसेवियों ने विद्यालय भवन के चारों ओर साफ-सफाई की। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने स्वंयसेवियों को शिविर का लाभ उठाकर समाज के प्रति अपने योगदान को सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## जिला के दो अध्यापक होंगे डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षक सम्मान से सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
हामिद

**चंबा :** जिला से ताल्लुक रखने वाले दो शिक्षकों को 2 फरवरी 2025 को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। चंबा जिला के लिए यह गर्व की बात है कि पिछड़ा जिला होने के बावजूद यहां के इन शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह से बेहतरीन काम किया इसी को देखते हुए संस्था ने उन्हें सम्मानित किया है। इससे न केवल चंबा का बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। शिक्षा सागर संस्था के सौजन्य से आयोजित शास्त्री कार्यक्रम में इन दोनों अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें युद्ध वीर टंडन शिक्षा खंड सुंडला के तहत आने वाले राजकीय प्राथमिक विद्यालय मौड़ा में बतौर कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक अपनी सेवाएं दे रहे हैं जबकि दूसरे अध्यापक सुरेंद्र शर्मा शिक्षा खंड पांगी के अधीन जनजातीय क्षेत्र की प्राथमिक विद्यालय कुलाल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था द्वारा नवाचारी शिक्षकों के योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय स्तरीय समिति का गठन किया गया था। जिसने देशभर से आए सैकड़ों आवेदनों में से इन दोनों शिक्षकों का चयन किया। नका चयन शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के आधार पर किया गया है मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित राजगढ़ में 2 फरवरी को इन शिक्षकों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## जोगिंद्रनगर मिनी सचिवालय परिसर में जल्द मिलेगी डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधाः मनीश

**बैठक**

**लाइब्रेरी स्थापना को लेकर एसडीएम ने गैर सरकारी संस्थाओं व समाज सेवियों के साथ की बैठक**



डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना को लेकर क्षेत्र के विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान बोल रहे थे एसडीएम ने बताया कि जोगिंदर नगर में जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है। इसके क्रियाशील हो जाने से जहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं को लाभ मिलेगा तो वहीं क्षेत्र के दूसरे लोग भी इस

टीम एक्शन इंडिया
संगराय

**जोगिंदरनगर :** एसडीएम मनीश चौधरी ने कहा कि जोगिंदर नगर स्थित मिनी सचिवालय परिसर में जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित हो जाने से क्षेत्र के युवाओं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

एसडीएम आज जोगिंदर नगर में सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी को जल्द क्रियाशील बनाने के लिए समाज के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों व संस्थाओं सहित समाज सेवियों से भी अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया बैठक में मौजूद विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित अन्य समाज सेवियों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया तथा डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को भरोसा दिलाया कि डिजिटल लाइब्रेरी के सपने को साकार बनाने में वे अपना हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे मनीश चौधरी ने डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना में सभी उपस्थित गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा सहयोग प्रदान करने के लिए आभार जताया। साथ ही उम्मीद जताई कि प्रशासन द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना का यह सपना सभी के सहयोग से जल्द पूरा होगा। उन्होंने बैठक के दौरान जोगिंदर नगर की गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य प्रबुद्ध जनों से भी डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन एवं क्रियान्वयन को सहयोग प्रदान करने का भी आह्वान किया। बैठक में जोगिंदर नगर की विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने भी भाग लिया।

## श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है बजट-2025 :सुभाष ठाकुर



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर :** बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष ठाकुर ने बजट-2025 पर प्रतिक्रिया देते हुए बजट को विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट बताया है। उन्होने कहा कि किसानए गरीबए मध्यम वर्गए महिला और बच्चों की शिक्षाए पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप ए इन्नोवाशन और इन्वेस्टमेंट तकए हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है। उन्होंने इस सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में घोषणा कि है कि 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर अब आयकर नहीं लगेगा। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को भी टीडीएस में छूट दी गई है। पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है। अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल किया गया है। 36 जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से पूरी छूट देने का एलान किया गया है। बजट में किसानों के लिए एक नई योजना की घोषणा की है। इस योजना का नाम प्रधानमंत्री धनधान्य योजना रखा गया है।

## केंद्रीय वित मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट से मिडल क्लास और पैंशनर्ज को मिली निराशाः सीआर वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर :** पैंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर के महामंत्री चेत राम वर्मा ने भारत सरकार के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में आठ लाख से बारह लाख तक की आय वालों मिडल क्लास के लोगों व प्रदेश के पेंशनरों को जो संतोषजनक छूट मिलनी चाहिए थी वो नहीं मिली है जिससे बजट में निराशा ही लगी है। आम जनता चाह रही थी कि रोजमर्रा की चीजों में राहत मिलती जैसे मंहगाई पर काबू पाकर खाने की वस्तुएँ की कीमतों को कम करना, गैस सिलिंडर, पेट्रोल और डीजल को सस्ता करके आम जनमानस को बेहतरीन जिंदगी जीने के लिए राहत प्रदान करनी चाहिए थी तथा वरिष्ठ नागरिकों को फ्री इलाज यानि कैशलेस की सुविधा का प्रयास करना चाहिए।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटलां कलां में वार्षिक महासम्मेलन का आगाज

टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में शनिवार को वार्षिक महासम्मेलन शुरू हो गया। सम्मलेन की शुरूआत राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने श्री राधा कृष्ण की मूर्तियों की पूजा अर्चना कर किया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की। सम्मलेन के पहले दिन दोपहर दो बजे बुआ दत्ता जम्मू वाले ने मंच संभालते हुए

**बैठक**

**राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी ने दिया आशीर्वाद, भगवान सबके अंदर, बुलाने का ढंग आना चाहिए : बुआ दत्ता**

जय गणपति जय गणनाथा, श्री राम जय राम जय जय राम भजन गाकर शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भगवान सबके अंदर रहता है, उनको बुलाने का ढंग आना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का अवतार लीलाओं का अवतार है। विश्व कल्याण के लिए श्री कृष्ण ने तरह तरह की लीलाएं की। उन्होंने कहा कि अहंकार से भगवान की प्राप्ति नहीं होती। विनम्रता से ही भगवान को पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की दृष्टि जिस पर सीधी पड़ जाए, वह जन्म मृत्यु के चक्कर से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान को अंहकार से घृणा है। उन्होंने कहा कि अगर भगवान की सीधी दृष्टि चाहिए, तो विनम्रता को अपना होगा। इससे पहले बुआ दत्ता ने राष्ट्रीय बाबा बाल संग मंदिर में पूजा अर्चना की। इससे पहले राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने प्रवचन कर श्रद्धालुओं का निहाल किया। बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि संसार में दो प्रकार के लोग हैं, एक वो जो भगवान कृष्ण की भक्ति मांगते हैं और दूसरे वो अति अल्प संख्यक हैं। भगवत सेवा में तत्पर भक्तों को वैष्णव कहते हैं। उन्होंने कहा भक्त हमेशा वही काम करते हैं जिससे भगवान खुश हों, इसलिए हमें ठाकुर का तिलक लगाना चाहिए। तुलसी की माला पहननी चाहिए और लहसुन प्याज को छोड़ने चाहिए। इस दौरान सारा पंडाल तालियों और हरे कृष्णा जयकारों से गुज उठा।

## कला, संस्कृति और इतिहास का संगम है हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी मंडीः आचार्य

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी :** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी व सहायक आचार्य इतिहास डॉ. राकेश कुमार शर्मा के साथ हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी, मंडी का भ्रमण किया। इस अवसर पर हिमाचल आर्ट गैलरी संस्थापक और कला संरक्षक बीरबल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने विद्यार्थियों से कहा कि इतिहास केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होता बल्कि इसे कला, शिल्प और




ऐतिहासिक अवशेषों के माध्यम से भी समझा जा सकता है। हिमाचल आर्ट गैलरी कला, संस्कृति व इतिहास का ऐसा संगम है जहाँ हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को देखने और समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण न केवल पुस्तकीय ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ते हैं बल्कि छात्रों की जिज्ञासा और शोध प्रवृत्ति को भी बढ़ावा देते हैं जोकि विद्यार्थियों के ज्ञान और शोध के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ.राकेश कुमार शर्मा ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि यह अनुभव विद्यार्थियों के ऐतिहासिक शोध और अध्ययन में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहर से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि उनके मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर चतुर्थ सत्र के दो विद्यार्थी करीमा व शुभम बालिया हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी शोधकार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध और इतिहास अध्ययन के आधुनिक तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। गैलरी के संस्थापक और कला संरक्षक बीरबल शर्मा ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस गैलरी के माध्यम से हिमाचल की पारंपरिक कला, लोकसंस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की कलाकृतियों को संरक्षित किया जाए। युवा पीढ़ी को इससे जोड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। विद्यार्थियों को गैलरी में प्रदर्शित विभिन्न चित्रों, ऐतिहासिक कलाकृतियों एवं शिल्प कृतियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की शोधार्थी सुरेखा, शुभम, करीमा व नीतिका ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके अध्ययन और शोध कार्य में सहायक सिद्ध होगा। अंत में डॉ.राकेश कुमार शर्मा व विद्यार्थियों द्वारा कुलपति महोदय और गैलरी संस्थापक एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

## दौलतपुर स्कूल में होनहारों को किया सम्मानित




टीम एक्शन इंडिया
राजन पुरी

**ऊना :** राजकीय पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय दौलतपुर चौक में शनिवार को सड़क सुरक्षा माह के समापन पर सड़क सुरक्षा की विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं क्विज, डिक्लेमेशन, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। क्विज प्रतियोगिता में केशव और माधव ने प्रथम तथा इशिता, मान्या, कंगना और कनिष ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में पल्लवी, इशिता, रिद्धिमा, शुभम और मान्या, प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। चित्रकला में वंशिका, कृतिका और महक ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजलि, दीक्षा अनमोल ने बाजी मारी। वहीं नारा लेखन में मुस्कान ने प्रथम, मन्नत राणा द्वितीय और प्रांशी वशिष्ठ ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# पिहोवा की पावन धरा पर महोत्सव में नजर आई राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पहली बार प्रदेश सरकार के प्रयासों से पहली बार राजस्थान पार्टनर राज्य की भूमिका निभा रहा है। इस प्रदेश के कलाकारों ने पिहोवा की पावन धरा पर राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को अनोखें अंदाज में प्रस्तुत करने का काम किया। इस प्रदेश के कलाकारों में अढ़ाई फीट के एक छोटे से कद का कलाकार मूंगा राम महोत्सव में मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन



सिंह किरमच ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष प्रयासों से इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के साथ एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। इस वर्ष राजस्थान राज्य को महोत्सव में पार्टनर राज्य के रूप में आमंत्रित किया गया।

इस निमंत्रण के बाद राजस्थान के कलाकारों ने महोत्सव में खूब रंग जमाया। इतना ही नहीं राजस्थान की तरफ से प्रदर्शनी में एक स्टॉल भी लगाया है। इस स्टाल पर राजस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों की तरफ से पर्यटकों और दर्शकों को राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी देने का प्रयास किया गया है। यह पर्यटन स्थल इनक्रेडिबल इंडिया की श्रेणी में शुमार है। इस स्टाल के माध्यम से लोगों को राजस्थान के प्रमुख तीर्थों का अवलोकन करने का न्यौता भी दिया जा रहा है। बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान के कलाकारों ने मुख्य मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इन कलाकारों के ग्रुप में छोटे कद के कलाकार मूंगा राम ने सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। इस कलाकार ने राजस्थान की लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राजस्थान के पार्टनर राज्य के रूप में पहल थी और आने वाले समय में अन्य राज्यों को भी सरस्वती महोत्सव में पार्टनर स्टेट के रूप में निमंत्रण दिया जाएगा। जब दूसरे राज्यों के कलाकार पिहोवा की धरा पर पहुंचेंगे तो निश्चित ही यह कलाकार अपने-अपने प्रदेश में जाकर पिहोवा सरस्वती तीर्थ का गुणगान करेंगे।

# एनएसएस विशेष कैंप में होम नर्सिंग व प्राथमिक उपचार की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंङ्गयिा**
**समालखा ( कुलदीप सिह )**
**गीता वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय में एनएसएस विशेष कैंप में होम नर्सिंग व प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ धीरजभल्ला दंत चिकित्सक का कैंप में पहुंचने पर प्रधानाचार्या डॉ॰ अभिलाषा कादियान व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन गुलिया ने फूल माला से स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर धीरज भल्ला ने बच्चों के दांतों का चेकअप किया। वह दांतों के रखरखाव से संबंधित जानकारी दी जो बच्चों की दांतों की समस्या से परेशानी थी। उनकी उन समस्याओं का समाधान किया।

उन्होंने बताया कि दांतों में संक्रमण भी सही ढंग से साफ सफाई न करने से होता है। दांतों के लिए




टूथब्रश उपयुक्त होना चाहिए।

प्रातः व शाम दोनों समय दांतों पर ब्रुश करें नमक के पानी के साथ दांतों की सफाई करें खाना खाने के बाद दांतों की सफाई अवश्य करें ज्यादा गर्म व ज्यादा ठंडी वस्तुओं का प्रयोग ना करें आदि महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन गुलिया ने कहा कि हमें डॉक्टर द्वारा दिए गए सुझाव को अमल में लाना चाहिए और दांतों से संबंधित किसी भी बीमारी को रोकने के लिए डॉक्टर से समय समय पर पर सुझाव लेने चाहिए। इस अवसर पर प्राध्यापक नरेंद्र,राहुल, संदीप, सोनिया, सोहनलाल आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### संगीत है हमारे मानसिक स्वास्थ्य की रामबाण दवा : किरन चड्ढा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। चाहत कराओके** एकेडमी द्वारा 2 फरवरी को दोपहर 2 बजे स्थानीय अटल पार्क में म्यूजिक का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कोई भी प्रतिभागी अपनी गीत संगीत एवं डांस की निशुल्क प्रस्तुति का प्रदर्शन कर सकता है। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चाहत कराओके एकेडमी द्वारा मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक विनोद वर्मा ने बताया कि चाहत कराओके एकेडमी का मुख्य उद्देश्य उभरते कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच पर प्रस्तुति देना है। एकेडमी की टीम मैनेजर किरण चड्ढा ने कहा कि तनाव, बेचैनी, अकेलापन दूर करने में संगीत सुनने से बड़ी कोई कारगर दवा नहीं हैं। संगीत हमें एक अलग ही दुनिया में ले जाता है। सब कुछ भूलकर हम संगीत की दुनियां में समा जाते हैं। यह अवस्था हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए रामबाण है। शोध बताते हैं कि जो बच्चे संगीत सुनते हैं, उनका बौद्धिक विकास अच्छा होता हैं। संगीत में भावनात्मक और मानसिक रूप से स्वस्थ करने के बहुत अच्छे गुण होते हैं। संगीत ध्यान का एक रूप है। संगीत बनाते या सुनते समय व्यक्ति अपनी सारी चिंताएँ, दुख और दर्द भूल जाता है, लेकिन अच्छे संगीत की सराहना करने के लिए हमें अपने संगीत के स्वाद को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संगीत प्रेमियों से आग्रह किया कि आप सभी इस कार्यक्रम में आकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने मन में छुपे भावों को नई दिशा देने का काम करें।

### किसानों को कर्ज के मकडजाल में फंसाने वाला है केंद्र का बजट : रतनमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। भारतीय किसान** यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए 2025-26 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मौजूदा बजट ने किसानों को और कर्जदार बनाने वाला है। जिसकों लेकर देशभर के किसानों में निराशा का माहौल है। उन्होंने कहा कि किसानों को मोदी सरकार से बजट में एमएसपी पर खरीद गांरटी का कानून बनाए जाने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन किसानों के हाथ बिल्कुल खाली रह गए है। केंद्र सरकार द्वारा कर्ज की सीमा में बढ़ौतरी करने से किसानों में आत्महत्याएं करने के मामलों में और बढ़ोतरी होगी। बजट में कहीं भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रावधान नहीं किया गया है। पूर्ण रूप से बजट किसान विरोधी है।

### बजट 2025-26 से देश विकास को मिलेगी नई गति : डा अर्चना गुप्ता

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**प्रदेश महामंत्री** भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के विकास को नई गति देगा और हरियाणा को भी आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे हरियाणा को भी व्यापक लाभ मिलेगा। प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। साथ ही, धन धान्य कृषि योजना के तहत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों पर ध्यान दिया जाएगा। इस बजट से हरियाणा को भारी लाभ होगा क्योंकि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है। डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि यह बजट किसानों के जीवन स्तर को सुधारने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके अलावा, एम एस एम ई सेक्टर के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किया गया है, जिससे छोटे उद्योगों को और अधिक समर्थन मिलेगा। अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस किया जाएगा।

# शुभमस्तु विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
डीपीएस पानीपत सिटी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए शुभमस्तु विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया कोऑर्डिनेटर आभा विषाद, पूनम नेगी, प्रशासिका सोनिया तोमर , मुख्याध्यापिका डी पी एस जूनियर अंसल सरिता विज एवं सभी अध्यापकगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का विद्यालय में पधारने पर तिलक लगाकर एवं चॉकलेट देकर स्वागत किया। तत्पश्चात 11वीं तथा 12वीं कक्षा के



विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे संगीत, नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दी । इसके अतिरिक्त रैंप वॉक तथा म्यूजिकल चेयर का भी आयोजन किया गया । तत्पश्चात कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया , आभा विषाद , पूनम नेगी एवं सरिता विज ने की । इस समारोह में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विभिन्न खिताबों से भी सम्मानित किया गया। इसमें प्रभात एवं हितांशी को मिस्टर एंड मिस डी पी एस पानीपत सिटी , चांद एवं मानसी को मिस्टर एंड मिस वसेर्टाइल , शिवम को मिस्टर अजाइल,टिवंकल एवं अपर्णा को मिस्टर एवं मिस कंजेनियलिटी, सरिता को मिस ब्यूटीफुल हेयर, वीर और नुपुर को बेस्ट ड्रेस्ड, फाहद और नुपुर को मिस्टर एवं मिस फॉलो मी केशव और कनिष्का को मिस्टर एवं मिस कॉन्सर आदि कई खिताबों से सम्मानित किया गया। डी पी एस पानीपत सिटी में कक्षा प्री नर्सरी से 12वीं तक पढ़ने वाले छात्रों को गोल्डन ग्रेजुएट की उपाधि से सुशोभित किया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के मिश्रित भाव नजर आए।

# ट्रैफिक चालान के भुगतान को नजरअंदाज करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**डीएसपी ट्रैफिक** सुरेश कुमार सैनी ने वाहन चालकों को अहम जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मोटर व्हीकल रूल के अनुसार वाहन के चालान का भुगतान करना अनिवार्य है। जबकी काफी लोग चालान कटने के बाद उसे लंबे समय तक नजरअंदाज करते है। अगर कोई वाहन चालक चालान का भूगतान नहीं करता है तो केंद्रीय मोटर व्हीकल रूल के अनुसार उसका वाहन डिटेन किया जा सकता है। डीएसपी ट्रैफिक सुरेश कुमार सैनी ने कहा कि चालान कटने के बाद काफी सारे लोग जानबूझकर इसे नहीं भरते। ऐसे वाहन चालकों को अब परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपकी यात्रा के दौरान कही भी व्हीकल को रोककर डिटेन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल के अनुसार चालान कटने के बाद भुगतान करना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति निर्धारित समय अवधी के भीतर चालान नहीं भरता है तो ट्रैफिक पुलिस उस वाहन को डिटेन कर सकती है। यह कदम चालान प्रक्रिया को समयबद्ध और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा लोगों को अभी इसकी जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# ऐतिहासिक, अभूतपूर्व और सर्वसमावेशी है बजट 2025 : पंडित मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने केन्द्रीय बजट 2025-26 को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। श्री बडौली ने कहा कि इस सर्वसमावेशी बजट में देश के आगामी 25 वर्षों की विकास यात्रा को गति देने के लिए बुनियादी ढाँचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रक्षा, रोजगार सृजन जैसे सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आदरणीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और यह बजट भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने का ब्लूप्रिंट है। श्री बडौली ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आर्थिक नीतियों ने जनभावनाओं के अनुरूप जनहितैषी और लोक कल्याणकारी बजट पेश किया है। बजट को जन कल्याणकारी बताते हुए पंडित मोहन लाल बडौली ने कहा कि यह सर्वस्पर्शी, और समावेशी बजट है जिसमें गरीब, मध्यम वर्ग युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास को रेखांकित किया गया है।

# 21 दिवसीय ऑनलाइन योगाभ्यास पूरा हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आई.बी पी.** जी. कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने "हर घर योग" अभियान के अंतर्गत 6 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक 21 दिवसीय ऑनलाइन योग अभ्यास सफलतापूर्वक पूरा किया। इस योग प्रशिक्षण का नेतृत्व जाने-माने योग प्रशिक्षक श्री सौरभ बोथरा ने किया, जो आईआईटी स्नातक होने के साथ-साथ एक प्रमाणित योग प्रशिक्षक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक भी हैं। इस ऑनलाइन योग शिविर में कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नियमित रूप से योगाभ्यास किया। पूरे 21 दिनों तक स्वयंसेवकों को योग के



विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ मिला। कार्यक्रम के सफल समापन पर स्वयंसेवकों को एनएसएस, यूटीडी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशिप्रभा मलिक ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा, "योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है बल्कि मानसिक शांति और अनुशासन भी प्रदान करता है। इस ऑनलाइन योग अभ्यास से स्वयंसेवकों ने न केवल शारीरिक लचीलापन और सहनशक्ति प्राप्त की, बल्कि तनाव को कम करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मदद मिली। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न योगासन, सूर्य नमस्कार, ध्यान और प्राणायाम के अभ्यास कराए गए, जिससे स्वयंसेवकों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिला। स्वयंसेवकों ने भी इस अभियान के प्रति अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार यह 21 दिवसीय योग अभ्यास उनके लिए लाभकारी रहा। कई स्वयंसेवकों ने कहा कि उन्होंने योग को अब अपनी दिनचर्या में शामिल करने का निश्चय किया है।

# विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः जिला पुलिस द्वारा** नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने शनिवार को वजीरपुर टिटाना गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं। नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनों को तो खत्म करता ही है साथ ही साथ हमें अंदर से खोखला भी बनाता है।




आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत गलत प्रभाव डालता है। नशा का आदी होना आसान है परंतु इसकी लत से छुटकारा पाना बेहद मुशिकल है। नशा व्यक्ति के शरीर के लिये तो हानिकारक है ही साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है वह पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने शुरू कर देतें है। विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

# हकेंवि की शोधार्थी को मौखिक प्रस्तुति में मिला प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग की शोधार्थी दीपिका को उनके शोध निष्कर्षों की मौखिक प्रस्तुति के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ हार्टिकल्चर साइंसेज कर्नाटक में खाद्य विज्ञान और तकनीकी में हुई नवीनतम प्रगति पर केंद्रित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने दीपिका व शोध निर्देशक डॉ. अनीता कुमारी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कुलपति ने इस दिशा में शोध कार्य को जारी रखने के लिए शोध निर्देशक व शोधार्थी को प्रेरित किया। डॉ. अनीता कुमारी ने बताया कि दीपिका के द्वारा प्रस्तुत शोध-3टी-3-एल-1 सेल लाइन आधारित स्थानीय और उन्नत एएचके-119 किस्म के कचरी की मधुमेह रोधी क्षमता एक औषधीय फसल का कार्यात्मक खाद्य घटक के रूप में उपयोग पर केंद्रित है। इस शोध कार्य में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो. सुरेंद्र सिंह व पोषण जीवविज्ञान विभाग डॉ. अनीता कुमारी ने भी सहयोग किया है। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता, शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा, प्रो. नीलम सांगवान व प्रो. विकास बेनीवाल ने भी सराहना की।

# एस. डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**एस. डी. सीनियर सेकेंडरी** स्कूल, जी.टी. रोड पानीपत में आज बसंत पंचमी के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय में सुबह की अमृत बेला में सरस्वती चालीसा का गुणगान किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों ने सरस्वती माता की आरती की। विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बसंत पंचमी के त्यौहार के बारे में पूर्ण जानकारी दी और कहा कि बसंत पंचमी का त्यौहार सभी के लिए खुशियां और उमंग लेकर आता है। यह त्यौहार खुशियों और ऊर्जा का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार,



माना जाता है कि माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। यह पर्व वसंत ऋतु की शुरूआत का भी प्रतीक है। वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। वसंत ऋतु में नए पेड़-पौधे उगते हैं और फूल खिलते हैं। वसंत ऋतु में धरती की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष वसंत पंचमी मनाई जाती है। देवी सरस्वती को विद्या, कला और बुद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस दिन की पूजा-अर्चना से ज्ञान, कला और संगीत का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके आने से प्रकृति में ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जाति में भी एक नई ऊर्जा का संचार होता है .इस कार्यक्रम में नर्सरी से 5इँ क्लास के सभी बच्चों ने पीले वस्त्र पहन कर बसंत पंचमी के आगमन का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भजन ,गीत व भाषण भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान और विवेक की देवी मां सरस्वती को समर्पित है और यह त्यौहार सनातन धर्म की परंपरा को दशार्ता है। विद्यालय के मैनेजर फकीर चंद ने कहा यदि हमें विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है तो बसंत पंचमी जैसे त्योहारों को विद्यालय में जरूर मनाना चाहिए। ऐसा करने से सभी विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा होगी।

# इंडोलॉजी पब्लिक सी.से स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** शनिवार को सींक स्थित इंडोलॉजी पब्लिक सी से स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा की गई। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना का पाठ किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के निर्देशक रोहित हुड्डा ने बताया कि बसंत पंचमी का दिन ज्ञान,वाणी और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-आराधना के लिए समर्पित माना जाता है। स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति हुड्डा ने कहा कि इस दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा की



जाती है। बसंत को "सभी ऋतुओं का राजा" कहा जाता है।

यह पर्व सरस्वती को समर्पित त्योहार है जो उनके ज्ञान, भाषा, संगीत और सभी कलाओं की देवी हैं। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य विनोद मलिक, सीनियर कॉर्डिनेटर सुशील मलिक, मोहित सहराया, सागर मलिक, किरण मलिक, रेखा मलिक, सुमन मलिक, पूजा मलिक, प्रिति लठवाल, मंजू जांगडा, रितु गहलावत, प्रोमिला दुहन, गरिमा ढील्लो, प्रियंका वंश, पूजा जागलान, रूबी जागलान, मीनू सहराया, मोनिका आदि मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

# आदर्श नगरः भाजपा और आप एक ही थाली के चट्टे-बट्टेः शिवांक सिंघल

## ● शिवांक को मिला स्टार प्रचारकों का साथ ● शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। चुनाव अपने उफान पर है। विभिन्न पार्टी के प्रत्याशियों ने जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी सरगर्मियां बढ़ा दी है। वहीं शिवांक को कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का भी भरपूर साथ मिला है। इसी कड़ी में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन, कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद, उदय भानु, दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा, पूर्व मंत्री संगीता बेनीवाल, पूर्व विधायक निलय दागा की मौजूदगी रही। स्टार प्रचारकों ने जहां कांग्रेस की नीतियों का जमकर बखान किया वहीं आम आदमी पार्टी को जमकर निशाना साधा। वहीं मूलचंद कॉलोनी में दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल के अनुभव में पोता शिवांक सिंघल ने लोगों के बीच अपनी बात रख रहे हैं। इस दौरान शिवांक सिंघल को जनता का भरपूर प्यार और जीत का आशीर्वाद मिल रहा। क्षेत्रीय लोग फूल-मालाओं से शिवांक सिंघल का अभिनंदन कर रहे। शमा मोहम्मद ने शिवांक सिंगल का प्रचार करते हुए कहा कि शिवांक हमारे बीच का बच्चा है। क्षेत्र की समस्याओं से पूरी तरह से वाकिफ है। हमारा प्यार और आशीर्वाद शिवांक सिंघल के साथ है। अगर आप सबका प्यार शिवांक को मिला तो आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र को फिर से आदर्श बनाएंगे।

### फिर से कांग्रेस के लिए जागा लव गर्ग का ''लव''

**आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र में रोज नई राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिलती है। एक दिन पहले कांग्रेस के आदर्श नगर विधानसभा अध्यक्ष लव गर्ग और उनकी पूरी टीम ने मुकेश गोयल की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया था। झाड़ू पकड़े वक्त लव गर्ग ने कहा था " मुझे कांग्रेस में सम्मान नहीं मिला। मुझे पप्पू यादव की जनसभा में मंच तक पर चढ़ने नहीं दिया गया। मुझे भीड़ का हिस्सा समझा गया, इससे मेरा और मेरे साथियों का अपमान हुआ"। एक दिन बाद ही लव गर्ग का "लव" फिर से कांग्रेस के लिए जाग गया। उन्होंने अपने सभी साथियों के साथ फिर एक बार कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस मौके पर लव ने बताया कि उसे बहका कर आम आदमी पार्टी जॉइन करवाई गई थी, और जब उसने देखा कि आप की सचाई कुछ और है तब उन्होंने कांग्रेस में वापसी का फैसला लिया।







# जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बादली से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने अपने चुनाव अभियान को तेज कर दिया, जिसमें घर-घर जाकर लोगों से सम्पर्क करने के साथ दो पदयात्राएं और दो जनसभाएं की जिनमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह 10 बजे जेजे1, जेजे2 भलस्वा जेजे कलस्टर और दोपहर 3 बजे आई व जे ब्लॉक जहांगीरपुरी, लक्की पार्क में पदयात्राएं की और सांय 6 बजे गुरु नानक देव कॉलोनी और कठिया बाबा झुग्गी क्षेत्र में जनसभाएं की। श्री यादव ने कहा कि पूरी बादली विधानसभा कांग्रेस का समर्थन कर रही है, क्योंकि लोगों को विश्वास हो गया है कि कांग्रेस की जीत के बाद ही हमारा और बादली का विकास होगा। दिल्ली की जनता दिल्ली के विकास और अपने भविष्य को संवारने के लिए दिल्ली में कांग्रेस को ला रही है। पदयात्रा में देवेन्द्र यादव के साथ सभी वर्गों, धर्म, जाति और समुदाय के लोग चल रहे थे, कार्यकर्ताओं ने हाथों में झंडे और गले में कांग्रेस का पटका डाला हुआ था। ढ़ोल नगाड़ो बजाते हुए लोग एक नई उम्मीद के साथ देवेन्द्र यादव का स्वागत फूल मालाओं से कर रहे थे कि अब 10 वर्षो बाद देवेन्द्र यादव की जीत से बादली की खुशहाली लौटेगी। महिलाएं, वृद्ध, युवा सहित हर वर्ग के लोग देवेन्द्र यादव का आगे बढ़कर गुलाब की पंखुडियां और फूल मालाओं से स्वागत कर रहे थे कि अब यहां की गलियां, नालियां, बन जाऐंगी।

## दिल्ली में लहरायेगा भारतीय जनता पार्टी का परचमः रानी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री रानी कुमारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता भारी मतों से विजयी होगी। क्योंकि हम जनसंपर्क के लिए जहां पर भी रहे है, भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, इसको देखते हुए लग रहा है, इस बार रेखा गुप्ता की जीत होगी। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। भाजपा राज में शहरों में तो विकास हुआ ही है, गांव में भी विकास हुआ है। लोग भाजपा के राज से काफी ज्यादा खुश है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगीं क्योंकि इस बार दिल्ली की जनता भाजपा के फेवर में है और भाजपा प्रत्याशियों को जनता का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है।

## दिल्ली देहात को राजनैतिक दलों ने किया नज़रअंदाजः पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आग्रह के बावजूद प्रमुख राजनीतिक दलों ने दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानों के मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में शामिल नहीं करने पर दिल्ली पंचायत संघ ने कड़ी नाराजगी जताई है। पंचायत संघ ने दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानों से अपील की कि वह अपने उसी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करें जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विधानसभा में उनके मुद्दों को पूरा कराने के लिए उठाए। इस बारे में वह उम्मीदवारों से वादा कराए।



दिल्ली पंचायत संघ ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र में दिल्ली देहात की स्थिति पर मादीपुर गांव में इंजीनियर रमेश यादव की अध्यक्षता में पंचायत की। पंचायत में पंचायत संघ के पंच प्रमुखों के अलावा दिल्ली देहात के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस मौके पर पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व सह प्रमुख सुनील शर्मा के साथ-साथ सभी ने दिल्ली देहात के निवासियों से अपील की कि वे अपनी ताकत बढ़ाने के लिए ग्रामीण पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करे। थान सिंह यादव ने बताया कि पिछले दिनों प्रमुख राजनीतिक दलों से दिल्ली देहात व गांवों के मुद्दों को घोषणा पत्र में शामिल करने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने की गारंटी देने का आग्रह किया था। मगर उनकी प्रमुख मांगों को घोषणा पत्र में स्थान नहीं दिया, उन्होंने कुछ मांगों को पूरा करने का वादा किया है। जबकि पंचायत संघ चाहता था कि सभी गांवों को लाल डोरा व विस्तारित लाल डोरा से मुक्त कर मालिकाना हक दिया जाए, गांवों को हाउस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज, पार्किंग चार्ज से फ्री किया जाए, गांवों में रोजगार के अवसर पैदा किए जाए, गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में नोटिफाई किया जाए। गांवों को भवन उपनियम से बाहर किया जाए, लैंड पुलिंग पॉलिसी पर किसानों से चर्चा कर उसे लागू किया जाए, कृषि भूमि का सर्किल रेट 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ किया जाए।

## वजीरपुर सीट पर होगी भाजपा की जीतः उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। क्योंकि जनता में इस बार भाजपा को लेकर काफी उत्साह है, हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता भाजपा को समर्थन की बात कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की जीत होगी क्योंकि यहां की जनता आम



आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है, हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी क्षेत्र में जा रहे है, वहां की जनता भाजपा को जीताने की बात कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि शुक्रवार को वाल्मीकि समाज के द्वारा पूनम भारद्वाज का भव्य रूप में स्वागत भी किया गया है।

## मटियाला विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी संदीप सहरावत को दिया जीत का आर्शीवाद




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मटियाला सीट से भाजपा प्रत्याशी संदीप सहरावत ने मटियाला विधानसभा क्षेत्र में स्थित कई कॉलोनियों में जनसभाओं का आयोजन किया। जिसमें भाजपा के कई कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के सैंकड़ों की तादात में लोग मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने संदीप सहरावत का स्वागत कर उन्हें जीत का आशिर्वाद भी दिया। इस दौरान संदीप ने मटियाला विधानसभा क्षेत्र स्थित जग्गी ग्रीन वाटिका, गोयला डेरी सहित कई जगहों पर जनसभा का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी संदीप सहरावत ने सभा को संबोधित कर दूषित हो रही यमुना पर गहन चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तभी से दिल्ली के लोग मूलभुत सुविधाओं सहित तमाम परेशानियों का सामना कर रहे है।

## राजधानी दिल्ली वाले तय करें उन्हें दंगा भड़काने वाली आप-दा चाहिए या बचाने वाली भाजपाः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली के मुस्तफाबाद और करावल नगर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में दिल्ली में हुए घोटालों की जमकर आलोचना की। साथ ही शाह ने दिल्ली के रोहतास में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। शाह ने कहा कि अब दिल्ली को इस आप-दा से मुक्त कराने का समय या गया है, घोटालेबाजों की दुकानें बंद करने और कट्टर बेईमानों को उखाड़ कर फेंकने का समय आ



गया है। कार्यक्रमों के दौरान लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर, लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, मुस्तफाबाद से प्रत्याशी मोहन सिंह बिष्ट, करावल नगर से प्रत्याशी कपिल मिश्रा सहित पार्टी के अन्य नेतागण उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुस्तफाबाद की जनता ने यदि 5 फरवरी को जरा भी आलस किया तो वो लोग चुनकर सरकार में आ जाएंगे जो दिल्ली दंगों के लिए जिम्मेदार हैं। दिल्ली की जनता को यह सोचकर वोट करना है कि उन्हें दिल्ली को दंगों में झोंकने वाला चाहिए या दिल्ली को दंगों से बचाने वाला चाहिए। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में 10 वर्षों तक सरकार चलाई लेकिन अब दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का समय आ गया है। घोटालेबाजों की दुकानें बंद करने और कट्टर बईमानों को उखाड़ कर फेंक देने का समय आ गया है।

# सीएम ने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज दौरे पर हवाई सर्वे कर महाकुम्भ को जाने वाले सभी मार्गों का किया अवलोकन, प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र की ओर जाने वाले सभी मार्गों का किया मुआयना, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**दिशा-निर्देश**

**शहर के एरियल सर्वे के दौरान उन्होंने प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी रोड्स का मुआयना किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने प्रयागराज दौरे पर पूरे प्रयागराज शहर का हवाई सर्वे किया। शहर के एरियल सर्वे के दौरान उन्होंने प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र की ओर जाने वाली सभी रोड्स का मुआयना किया। इसके साथ ही सीएम ने महाकुम्भ क्षेत्र का भी हवाई सर्वे कर स्थितियों का जायजा लिया। एरियल सर्वे के दौरान मुख्यमंत्री का विशेष फोकस उन रोड्स के मुआयने पर रहा, जो विभिन्न जनपदों से प्रयागराज को जोड़ती हैं। हाल ही में मौनी अमावस्या स्नान पर्व के दौरान और इसके बाद इन रोड्स पर अत्यधिक मात्रा में ट्रैफिक देखा गया था। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज को विभिन्न जनपदों से जोड़ने वाले 7 प्रमुख मार्ग हैं और मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु अपने निजी वाहनों व उत्तर प्रदेश परिवहन की बसों में सवार होकर महाकुम्भ पहुंचे थे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं कि भारी संख्या में देश और प्रदेश के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए आ रहे हैं और उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए तमाम व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर सीएम योगी के निर्देश हैं कि हाईवेज और सिटी के अंदर कहीं भी जाम की स्थिति न बने। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए सभी मार्गों पर पार्किंग की उचित व्यवस्था की गई है। सुनिश्चित किया गया है कि श्रद्धालुओं के वाहन पार्किंग में खड़े कराए जाएं और पार्किंग से संगम क्षेत्र तक उनके आने-जाने की उचित व्यवस्था की गई है।

# कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की लोडर पलटी, 12 यात्री घायल

**हादसा**

**डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशिकांत का कहना है कि घायलों की हालत सामान्य है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जालौनः जालौन** में बीती देर रात बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पर प्रयागराज से कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी लोडर पलट गई, जिसमें सवार 12 लोग घायल हो गए। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास 186 किमी प्वाइंट पर यह हादसा हुआ है। वहीं, इस हादसे में महिलाओं सहित एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। सभी श्रद्धालु राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। दरअसल, पूरा मामला डकोर कोतवाली क्षेत्र का है। यहां पर शुक्रवार की देर रात प्रयागराज से कुंभ स्नान करके अपने घर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक लोडर पलट गई, जिसमें महिलाओं समेत एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा लोडर के एक्सल के टूट जाने के कारण हुआ है। घटना डकोर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 186 किमी प्वाइंट के पास की बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। जहां सभी का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। जानकारी की मुताबिक, इस हादसे में लक्ष्मण, भगवती शरण, लखन, सोनू, मथुरा, कंचन, प्रीति, महेश विशाल, केदार, लोरी और मोहिनिया घायल हुए हैं और ये सभी राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले हैं जो कुंभ में स्नान करने के लिए (वढ 82 अळ 3630) नंबर की लोडर से प्रयागराज गए हुए थे। वहीं, इस मामले में डकोर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशिकांत का कहना है कि घायलों की हालत सामान्य है, कोई गंभीर चोट नहीं है। हादसा एक्सल टूटने के कारण हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सपरिवार संगम में लगाई डुबकी

**महाकुम्भ नगरः उप राष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ शनिवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे और सपरिवार संगम में डुबकी लगाई। उप राष्ट्रपति ने पक्षियों को दाना भी खिलाया। प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उपराष्ट्रपति हेलीकाप्टर से अरैल पहुंचे थे। अरैल से उपराष्ट्रपति सपरिवार संगम पहुंचे और वहां पर डुबकी लगाई। उप राष्ट्रपति के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रयागराज आगमन पर उपराष्ट्रपति का मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने अंग वस्त्रम पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने उप राष्ट्रपति को संगम का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेयी, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य व विधायक पीयूष रंजन निषाद उपस्थित रहे।

### कृषि उपकर॰ पर छूट के लिए किसान चार फरवरी तक करें आवेदन

**मुरादाबादः कृषि** विभाग में कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत किसानों को कृषि यंत्र पर छूट प्रदान की जा रही है। यंत्र पर छूट पाने के लिए किसान 4 फरवरी तक ‍१ि२ल्ल. ४स्र.ॅङ्क५.ल्ल पर अपनी बुकिंग करा सकते हैं। पोर्टल पर विकासखंडवार लक्ष्य बताया गया है। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी ने शनिवार को बताया कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ रेज्डयू (सीआरएम) योजना में फसल अवशेष प्रबंधन वाले एकल कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत और कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। कस्टम हायरिंग सेंटर पर 40 प्रतिशत अनुदान, एकल यंत्रों पर लघु एवं सीमांत एवं महिला कृषक हेतु अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान एवं अन्य कृषक के लिए 40 प्रतिशत अनुदान और फार्म मशीनरी बैंक (एफपीओ) पर 80 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा।

### जट 2025 हर वर्ग के लिए विकास और समृद्धि का रोडमैप प्रस्तुत करता हैः सिल्क ट्रेड एसोसिएशन

**वाराणसीः केन्द्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में रिकॉर्ड आठवां बजट पेश किया। बजट को लेकर सुबह से ही व्यापार जगत के साथ आम लोगों में भी उत्सुकता दिखी। बजट को लेकर व्यापारिक संगठनों में भी खुशी दिखी। व्यापार संगठन के पदाधिकारियों के साथ आम लोगों ने भी आयकर की सीमा बढ़ने का स्वागत किया। लोगों ने कहा कि 12 लाख तक की आय पर टैक्स छूट से सभी को इसका फायदा मिलेगा। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सिल्क ट्रेड एसो?सिएशन वाराणसी इकाई के अध्यक्ष वैभव कपूर ने कहा कि बजट 2025 हर वर्ग के लिए विकास और समृद्धि का रोडमैप प्रस्तुत करता है। किसानों, गरीबों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्टार्टअप, नवाचार और निवेश को भी नई गति देने वाला यह बजट आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए आयकर दरों में ऐतिहासिक सुधार किया गया है। 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं, 12-16 लाख तक 15फीसद, 16-20 लाख तक 20फीसद, और 20-24 लाख तक 25फीसद टैक्स तय किया गया है। इस बदलाव से 12 लाख की आय पर 80 हजार तक की बचत होगी, जो मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ा लाभ है। उन्होंने इस सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की जमकर सराहना की। वाराणसी निवासी देहरादून स्थित एक निजी कालेज में अर्थशास्त्र के प्रवक्ता डॉ लवकुश श्रीवास्तव ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें गरीब, मध्यमवर्गीय और व्यापारी वर्ग सभी लोगों का ध्यान रखा गया है। जो लोग एक लाख रुपये महीने का वेतन पाते थे उनका काफी पैसा टैक्स में चला जाता था। ऐसे में अब नौकरी पेशा सभी वर्ग को काफी राहत मिलेगा। डॉ लवकुश ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को भी बड़ा फायदा मिलेगा। ब्याज पर टीडीएस की सीमा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये से 1 लाख रुपये कर दिया गया है। यह भी सरकार का बड़ा कदम है। इससे सरकारी,बड़ी कम्पनियों में कार्यरत कर्मचारियों को अधिक फायदा मिलने वाला है। 12.75 लाख रुपये तक की आय पर अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। महिला कारोबारी और शिक्षा जगत से जुड़ी कविता मालवीय ने बजट की सराहना की।

# दीवार तोड़ गौशाला में घुसी तेज रफ्तार कार, बुजुर्ग महिला गम्भीर

**मीरजापुरः अहरौरा थाना** क्षेत्र के खाजगीपुर गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। चकिया-अहरौरा मार्ग पर तेज रफ्तार से जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक घर की चारदीवारी तोड़ते हुए सीधे गौशाला में जा घुसी। जहां गोबर की सफाई कर रही फूलपत्ती देवी (70) गम्भीर रूप से घायल हो गईं। परिजन के अनुसार, फूलपत्ती देवी गौशाला में रोज की तरह सफाई कर रही थीं। तभी अचानक तेज आवाज के साथ कार दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई। कार की टक्कर से दीवार ढह गई, जिससे फूलपत्ती देवी मलबे और कार के नीचे दब गईं।

# अवैध सम्बन्धों में बाधक पति को महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर मौत

**हत्या**

**बदनामी के डर से दोनों ने साथ मिलकर मृतक गजराज की गला दबाकर हत्या कर दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः टीम** ट्रांस हिण्डन जोन व थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने शनिवार को एक महिला व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोप है महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पति उसके अवैध सम्बन्धों में बाधक बना था। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 02 दिसंबर को थाना इन्दिरापुरम पर रोहित कुमार निवासी ग्राम प्रहलादगढ़ी थाना इन्दिरापुरम ने अपने पिता गजराज 40 वर्ष की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने 03दिसंबर को ग्रीन बैल्ट के जंगल में गजराज का शव बरामदहुआ था। इसके बारे रोहित ने अपने पिता की हत्या के सम्बन्ध में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कराया था। मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृतक की मृत्यु गला दबाकर किये जाने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि स्वॉट टीम ट्रांस हिण्डन जोन व थाना इन्दिरापुरम पुलिस ने दस हजार रुपये के इनामी जय कुमार राउत निवासी ग्राम झापामासा थाना परिहार जिला सीतामढ़ी बिहार व मृतक गजराज की पत्नी कपूरी देवी निवासी हरेन्द्र जाटव का मकान ग्राम प्रहलादगढ़ी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जयकुमार व मृतक गजराज की पत्नी के मध्य एक ही किराये के मकान में रहने के दौरान पिछले करीब 01 वर्ष से अवैध सम्बन्ध (प्रेम सम्बन्ध) थे और शक होने पर मृतक गजराज ने उस मकान से अपना कमरा खाली कर परिवार सहित दूसरे मकान में किराये पर रहने लगा, परन्तु कपूरी देवी व जयकुमार दोनों लगातार मोबाइल फोन के माध्यम से बातचीत करते थे और एकान्त स्थान ग्रीन बैल्ट में चोरी छिपे मौका देखकर अक्सर मिला करते थे । जिसकी भनक मृतक गजराज को हो गयी थी। 01 दिसम्बर 2024 को घटना वाले दिन भी मृतक गजराज छिपकर घटनास्थल पर जयकुमार व कपूरी देवी दोनों के मिलने का इंतजार कर रहा था, दोनों के घटनास्थल पर आने के बाद गजराज ने अपनी पत्नी कपूरी देवी को रंगे हाथ पकड़ लिया और दोनों के अवैध सम्बन्ध व बदनामी के डर से दोनों ने साथ मिलकर मृतक गजराज की गला दबाकर हत्या कर दी।

# संत का आध्यात्मिक जीवन साधना, आत्मज्ञान और सेवा से परिपूर्णः कैलाशानन्द

## नरंजनी अखाड़े में विज्ञानानन्द गिरि ,साध्वी पुष्पांजलि गिरि बने महामंडलेश्वर

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः प्रयागराज** महाकुम्भ में निरंजनी अखाड़े की छावनी में शनिवार को अखाड़े की परम्पराओं के साथ निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी महाराज की अध्यक्षता और पंच परमेश्वरो एवं संत महापुरुषों के सानिध्य में स्वामी विज्ञानानन्द गिरि, (आस्ट्रेलिया) और साध्वी पुष्पांजलि गिरि, (वृंदावन )का पट्टाभिषेक कर महामंडलेश्वर की उपाधि से विभूषित किया गया। निरंजनीपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि ने कहा कि संत का आध्यात्मिक जीवन साधना, आत्मज्ञान और सेवा से परिपूर्ण होता है। संत अपने जीवन में परमात्मा के साथ एक गहरी और सच्ची एकता स्थापित करने का प्रयास करते हैं। उनके जीवन में भक्ति, ध्यान, साधना और ज्ञान की महिमा होती है। वे अपने व्यवहार, सोच और कर्मों में हर किसी के प्रति प्रेम और करुणा का भाव रखते हैं। दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा को मदर टेरिसा की तरह मदर ऋतम्भरा कहा जाए
अखिल भारतीय अखाडा परिषद एवं माँ मनसा देवी मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा को मदर टेरिसा की तरह मदर ऋतम्भरा के नाम से जाना जाये।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में आस्था (श्रद्धा) का अत्यधिक महत्व है क्योंकि आस्था, केवल विश्वास का नाम नहीं होती।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पोखर में पलटा, चालक की मौत

**मीरजापुरः अहरौरा थाना** क्षेत्र के आनंदीपुर ग्राम सभा में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पोखर में पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रात करीब 10 बजे की है, जब गिरधारी हरिजन (36) पुत्र शंकर, निवासी खाजगीपुर, ट्रैक्टर लेकर पहाड़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर आनंदीपुर-कंचनपुर से डकही जाने वाले मार्ग पर पहुंचा, वह अनियंत्रित होकर पोखर में पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से गिरधारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अहरौरा ले जाया गया।

# 10 हजार युवकों को नशे से दूर कर दिखाई सनातन की राह



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः प्रयागराज** महाकुम्भ में सीएम योगी की प्रेरणा से बच्चों को स्वर योग सानधा की सीख दे रहीं पंजाब के जालंधर की रहने वाली स्वामी अनंता गिरी ने अपने जीवन में गहरे दुख और संघर्षों का सामना करने के बाद आध्यात्मिकता की राह पकड़ी। उनके पति ड्रग्स की लत के शिकार थे, जिससे उनकी सोचने-समझने की क्षमता खत्म हो गई थी। इस घटना ने स्वामी अनंता गिरी के जीवन की दिशा बदल दी और वे आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर हो गईं। गुरु श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी चरणाश्रित गिरि जी महाराज से दीक्षा लेकर उन्होंने श्री विद्या साधना शुरू की, जिसमें हजारों मंत्र और उनके गहरे रहस्य छुपे हुए हैं। इस मार्ग पर चलने से पहले उन्होंने करोड़ों की परफ्यूम इंडस्ट्री छोड़ दी। इसके बाद 10 हजार से अधिक युवकों को नशे से दूर कर सनातन की राह दिखाई।

**200 से ज्यादा नवयुवकों को कारोबार से जोड़ाः** स्वामी अनंता गिरी ने नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। उन्होंने 10,000 से अधिक युवाओं को नशे से दूर कर उन्हें सनातन धर्म की ओर मोड़ा। उनके मार्गदर्शन में 200 से ज्यादा युवा न केवल भारत में बल्कि कनाडा और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भी सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रहे हैं।

**महाकुम्भ में स्वर योग का अद्भुत संगमः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से स्वामी अनंता गिरी इस बार महाकुम्भ में स्वर योग के माध्यम से बच्चों को जागरूक कर रही हैं।
वे बच्चों को गायत्री मंत्र, अग्निहोत्र, और स्वर विज्ञान के जरिए उनके भीतर छुपी ऊर्जा को जाग्रत करने का काम कर रही हैं। स्वर विज्ञान के अनुसार सांस के माध्यम से भविष्य की घटनाओं का अनुमान लगाया जा सकता है और उन्हें नियंत्रित भी किया जा सकता है।

**शिव-पार्वती से प्रेरित विद्याः** स्वामी अनंता गिरी के अनुसार स्वर योग की यह विद्या भगवान शिव और माता पार्वती के संवादों से प्रेरित है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने स्वर विज्ञान का रहस्य माता पार्वती को बताया था। स्वामी अनंता गिरी इसी प्राचीन विद्या के माध्यम से युवाओं को आत्म-जागृति और मानसिक संतुलन की कला सिखा रही हैं।

**विद्यालयों में आध्यात्मिक शिक्षा का विस्तारः** स्वामी अनंतागिरी 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष रूप काम करती हैं। उनके संस्थान के माध्यम से स्कूलों में मेडिटेशन, हवन, अग्निहोत्र जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चे अपनी जड़ों से जुड़ सकें।

**स्वर योग पीठ ऋषिकेश से पूरे देश तक जाता संदेशः** ऋषिकेश स्थित स्वर योग पीठ के माध्यम से स्वामी अनंता गिरी अपने आध्यात्मिक अभियानों का संचालन करती हैं। वे युवाओं को न केवल आध्यात्मिक ज्ञान देती हैं, बल्कि उन्हें प्रोफेशनल ट्रेनिंग भी देती हैं।

# 60 वर्षीय बुजुर्ग ने किया पत्नी पर चाकू से हमला

**उठाया सवाल**

**पहले पत्नी का गला काट दिया उसके बाद अपना गला काट डाला दोनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः लोनी** थाना क्षेत्र की प्रेम नगर कॉलोनी में एक 60 वर्ष से बुजुर्ग ने अवैध संबंधों के शक में पहले पत्नी का गला काट दिया उसके बाद अपना गला काट डाला दोनों को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां पर बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग को अपनी 50 वर्षीय पत्नी पर किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध होने का डर सता रहा था जिसको लेकर आए दिन दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शनिवार की सुबह को थाना लोनी पर जरिये डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि प्रेम नगर में पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया है । सूचना पर थाना लोनी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। जांच पड़ताल में पता चला कि 60 वर्षीय अली जान ने अपनी 50 वर्षीय पत्नी शहनाज पर चाकू से हमला कर दिया है। उसके बाद उसी चाकू से अपने गले को काट लिया ।
दोनों को परिवारीजनों ने इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां पर शहनाज का इलाज चल रहा है जबकि चिकित्सकों ने अली जान को मृत घोषित कर दिया । अली जान के शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । परिवारीजनों से पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि अली जान को शक था उसकी पत्नी का किसी से अवैध सम्बन्ध है । इसी कारण इनका करीब 20-25 दिन पूर्व भी झगड़ा हुआ था । आज सुबह जब शहनाज दूध लेने जा रही थी तो घर से थोड़ी दूरी पर खाली पड़े प्लॉट में अली जान ने अपनी पत्नी को खींच लिया और चाकू से हमला किया तथा उसके बाद उसी चाकू से अपने गले को काट लिया। पड़ोस में रहने वाले अनस ने बताया कि अली जान को बचाने का प्रयास किया गया तो वह खुद के गले पर चाकू रखकर काट लिया ।

# षड़यंत्र करने से बाज नहीं आते सनातन धर्म के विरोधीः योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगरः मौनी अमावस्या** के दिन हुए हादसे के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने कुम्भमेला क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद त्रिवेणी संगम स्थल जहां पर हादसा हुआ था, वहां पहुंचकर मुख्यमंत्री ने मेलाधिकारी से पूछताछ की। इसके बाद वह त्रिवेणी संगम पर ही सतुआ बाबा के शिविर में आयोजित पट्टाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सतुआ बाबा और कमलदास का टीका लगाकर अभिनंदन किया। जगद्गुरु राम भद्राचार्य व महंत राजेन्द्रदास का भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरोधी लोगों को गुमराह करके सनातन धर्म के खिलाफ षड़यंत्र करने से बाज नहीं आते। ऐसे लोगों से सावधानी रखते हुए संतों के सानिध्य में हमें आगे बढ़ना होगा । सनातन धर्म ही मानव धर्म है। सनातन रहेगा तो मानव धर्म रहेगा। मौनी अमावस्या के दिन एक बड़ी चुनौती हम सबके सामने आयी। उन स्थितियों में परिवार भाव के साथ खड़े होकर संतों ने पूरे धैर्य के साथ सामना करते हुए उससे उबारने का काम किया। सनातन के विरोधी इस तरह से बातों का प्रसार कर रहे थे, जिससे संतों का धैर्य जवाब दे। संतों ने महाकुंभ के आयोजन को अपना आयोजन माना। मां गंगा के प्रति महाकुंभ के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सकुशल आगे बढ़ाया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 32 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां आ चुके हैं। यहां की परम्परा व गाथा के बारे में गुणगान कर रहे हैं। यह गुणगान व्यक्ति का नहीं सनातन का है। सनातन धर्म के अ?भियान को आगे बढ़ाने वाले दो संतों को रामानंद सम्प्रदाय में जगद्गुरू बनाने का कार्य संपन्न हो चुका है। जैसा नाम वैसा ही काम है। कमल दास कमल जैसे मुलायम हैं। कभी किसी के अमंगल के बारे में नहीं सोचते हैं। पूरी सहजता व सरलता के साथ उनका पूरा जीवन सनातन धर्म के लिए समर्पित होकर आगे बढ़ा है। वहीं दूसरे जो सदैव सबको संतुष्ट रखते हैं। सतुआ बाबा को विष्णुस्वामी संतोषाचार्य के रूप में यहां पट्टाभिषेक किया गया है। जहां कहीं सनातन मूल्यों की बात आती है वह खड़े होते हैं।

# भारतीय रेल में विद्युतीकरण के 100 साल पूरे, बरेका में तीन फरवरी से विशेष प्रदर्शनी

## सूर्य सरोवर परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, प्रदर्शनी में विद्युतीकरण के ऐतिहासिक पड़ाव प्रदर्शित होंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः भारतीय** रेलवे के विद्युतीकरण के सौ वर्ष पूरे होने पर बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में विशेष प्रदर्शनी के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। परिसर स्थित सूर्य सरोवर में तीन से पॉच फरवरी के बीच आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में रेलवे विद्युतीकरण की विकास यात्रा, भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ और भविष्य की योजनाओं को प्रदर्शित किया जायेगा। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने रेलवे विद्युतीकरण के सौ वर्षों की यात्रा को भारतीय रेलवे के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे विद्युतीकरण के 100 वर्षों की यह यात्रा, भारतीय रेल के आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों को दशार्ती है। बरेका इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा है। प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विद्युतीकरण ने भारतीय रेलवे को आधुनिक, तेज और ऊर्जा-संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदर्शनी में रेलवे के गौरवशाली सफर को प्रस्तुत किया जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group





## आदर्श नगर: भाजपा के पक्ष में उतरे स्टार प्रचारक, मिल रही बड़ी बढ़त

**● आदर्श नगर को "आदर्श" बनाऊंगा: राजकुमार भाटिया ● केंद्रीय मंत्री समेत राज्यों के मंत्री व विधायक उतरे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के पक्ष में मजबूत माहौल बना हुआ है। उनका चुनाव प्रचार जोरों पर है। समाज के हर वर्ग का उन्हें खुल कर समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने भी भाजपा का दामन थाम राजकुमार भाटिया के लिए प्रचार करने में जुट गए हैं। राजकुमार भाटिया का मिलनसार व्यवहार, निस्वार्थ भाव से समाजसेवा के कार्यों में निरंतरता, लोगों के साथ उनके सुख दुख में सम्मलित होने और स्थानीय समस्याओं को हल करवाने के संघर्ष के चलते बेदाग साफ सुथरी छवि के चलते आमजन उनके पक्ष में समर्थन में उतर चुके हैं।

राजकुमार भाटिया के समर्थन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक और हरियाणा के मंत्री अरविंद शर्मा ने नुक्कड़ सभा और अनेक बैठकें की हैं।

पूर्वांचली समाज की अलग अलग बैठकों में बिहार से विधायक संजय सिंह ने बैठके की हैं। आज चुनाव प्रचार में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आदर्श नगर के रामा रोड़ पर घर घर जनसम्पर्क कर वोटर पर्ची बाँटी और राजकुमार भाटिया के लिए वोट माँगी। उन्होंने जनसम्पर्क में लोगों से दिल्ली और आदर्श नगर के समुचित विकास के लिए भाजपा को वोट करने की अपील की। राजकुमार भाटिया के समर्थन में दोपहर मंगल बाजार रोड़ जहाँगीर पुरी में विशाल जनसभा हुई। राजकुमार भाटिया ने अपने चुनाव प्रचार में जी ब्लॉक जहांगीरपुरी , ए ब्लॉक रामगढ़ , महेंद्रा पार्क , गली न. 4 व 6 मजलिस पार्क में बैठकें ली जिसमें आर डब्ल्यू ए , सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्रीय लोग भी सम्मलित हुए जिनमें युवा वर्ग की उपस्तिथि भी रही। इन बैठकों में राजकुमार भाटिया ने सभी की समस्याएं सुनी।

वहीं, गुजराती देवी पूजक समाज की ए ब्लॉक जहाँगीर पुरी में जनसभा हुई। जिसमें उन्होंने राजकुमार भाटिया को समर्थन देते हुए भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

राजकुमार भाटिया ने लोगों के साथ संवाद करते हुए कहा कि विधायक बनते ही क्षेत्र की सभी समस्याओं से निजात दिलवा विधानसभा को "आदर्श" क्षेत्र बनाने के लिए अबविलम्ब कार्य करूँगा। उन्होंने कहा कि साफ पेयजल , दुरुस्त सीवर व्यवस्था, गन्दे पानी की निकासी हेतु नालों की समुचित व्यवस्था, टूटे रोड़ व सड़को का निर्माण , हरियाली युक्त क्षेत्र बनाने के साथ पार्को का सौन्दर्यकरण, पार्किंग की व्यवस्था, सुविधाजनक स्वास्थ्य केंद्र, सरकारी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई की व्यवस्था और नवयुवकों के खेल प्रोत्साहन हेतु स्पोट्र्स कम्प्लेक्स बनवाना मेरी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की पहले से चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। साथ भाजपा के संकल्प पत्र यानी मोदी जी की गारंटी को पहली ही केबिनेट में पास कर दिल्लीवासियों को उससे लाभान्वित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 साल से बंद पड़ी बुजुर्गो की वृद्धावस्था पेंशन शुरू करेंगे जिसमें 2500 रुपये और 70 वर्ष से अधिक को 3000 रुपये प्रति माह पेंशन देंगे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गो के लिए 10 लाख का फ्री इलाज के साथ आयुष्मान योजना को लागू करेंगे जिसमें 5 लाख राज्य सरकार और 5 लाख का केंद्रीय सरकार द्वारा इलाज उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि बहनों के स्वभावलम्बन हेतु 2500 रुपये और गर्भवती बहनों को 21000 हजार की मदद व 6 पोषण किट उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने श्रमिकों को टूल किट हेतु 10000 रुपये की आर्थिक मदद और 5 लाख का दुर्घटना बीमा व 10 लाख का जीवन बीमा दिया जाएगा।

स्वरोजगार हेतु पीएम स्वनिधि योजना में लाभार्थियों की सँख्या दुगनी की जाएगी जिसमें 10000 से 50000 रुपये तक की आर्थिक मदद की जाएगी।

## वजीरपुर: बुजुर्गों ने दिया पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद











**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने शनिवार को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के सावन पार्क, वजीरपुर गांव, केशवपुरम, सत्यवती कॉलोनी, अशोक विहार सहित कई इलाको में जनसंपर्क व संवाद किया।

**उत्तराखंड समाज ने किया पूनम भारद्वाज का स्वागत:** उत्तराखंड समाज अशोक विहार के द्वारा भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का भव्य रूप में स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रत्याशी पूनम भारद्वाज ने कहा कि मैं आप सभी से वादा करती हूं कि आप लोगों की जो भी समस्याएं होगी उसका समाधान करूगीं और क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी।

**पूनम शर्मा भारद्वाज को सावन पार्क में बुजुर्गों ने दिया जीत का आशीर्वाद:** आपको बतादें कि पूनम शर्मा भारद्वाज जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रही है, वहां पर जनता भाजपा प्रत्याशी को जनसमर्थन की बात कर रही है। इसी कड़ी में आज भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को सावन पार्क में जनसंपर्क के दौरान बुजुर्गों ने जीत का आशीर्वाद दिया।

**सत्यवती कॉलोनी में पूनम भारद्वाज ने किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने सत्यवती कॉलोनी में जनसंपर्क किया और कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में विकास नहीं किया गया है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। आप सभी मेरा समर्थन करें, मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास करके दिखाउंगी।

**अशोक विहार में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में अशोक विहार इलाके में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां पर पूनम शर्मा भारद्वाज का वहां के लोगों ने स्वागत किया।

**वजीरपुर गांव की चौपाल पर हुआ पूनम भारद्वाज का स्वागत:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का वजीर गांव की चौपाल का वहां के निवासियों द्वारा स्वागत किया गया और वहां के बुजुर्गों ने पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद भी दिया।













